# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 25 नवंबर 2024



IFFCO पूर्णतः सहकारी स्वामित्व Wholly owned by Cooperatives

coop International Cooperative Alliance

"सहकार से समृद्धि" का उत्सव

ICA GLOBAL COOPERATIVE CONFERENCE COOPERATIVES BUILD PROSPERITY FOR ALL



**श्री अमित शाह**
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री, भारत

**महामहिम दाशो शेरिंग टोबगे**
माननीय प्रधानमंत्री, भूटान

**महामहिम मनोआ कामिकामिका**
माननीय उप प्रधानमंत्री, फिजी

# श्री नरेंद्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री, भारत

द्वारा

## आई सी ए अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन 2024

का

**उद्घाटन**

एवं

## संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025

**की घोषणा**

गरिमामयी उपस्थिति

**महामहिम दाशो शेरिंग टोबगे**
माननीय प्रधानमंत्री, भूटान

**महामहिम मनोआ कामिकामिका**
माननीय उप प्रधानमंत्री, फिजी

**श्री अमित शाह**
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

**25 नवंबर, 2024 | दोपहर 3:00 बजे | भारत मण्डपम, नई दिल्ली**

**25 सत्र » 200 वक्ता » 100 देश » 3000 प्रतिनिधि » 5 दिन**

**प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों के माध्यम से समावेशी आर्थिक विकास, सामाजिक समानता, समृद्धि और सतत विकास को बढ़ावा देना**

- 01 पैक्स के लिए आदर्श कानून उन्हें बहुउद्देशीय, बहुआयामी संस्थाएँ बनाते हैं
- 02 सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण योजना
- 03 अछूती पंचायतों में नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना
- 04 प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पैक्स) को आर्थिक रूप से जीवंत और पारदर्शी बनाना
- 05 कम्प्यूटरीकरण और राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के निर्माण के माध्यम से पैक्स को मजबूत करना
- 06 गांवों में ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में पैक्स



- 07 ग्रामीण स्तर पर जेनेरिक दवाओं की पहुंच में सुधार के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में पैक्स
- 08 पैक्स द्वारा नए किसान उत्पादक संगठनों (एफ पी ओ) का गठन
- 09 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) के रूप में पैक्स
- 10 शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों को मजबूत बनाना
- 11 दुनिया का पहला नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का आविष्कार
- 12 सहकारी चीनी मिलों का पुनरुद्धार



**इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड** इफको सदन, सी-1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत प्लेस, नई दिल्ली - 110017, भारत | www.iffco.in



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# डिजिटल छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

## ई- ऑफिस प्रणाली

eOffice
A DIGITAL WORKPLACE SOLUTION

- जनता की सुविधा
- सरकारी कामकाज में तेजी
- दस्तावेजों की डिजिटल सुरक्षा
- फाइलों का त्वरित निपटारा
- कामकाज की आसान मॉनिटरिंग

## मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल

CMO
मुख्यमंत्री कार्यालय
छत्तीसगढ़ शासन

- एक क्लिक पर शासकीय योजनाओं आदि की जानकारी
- मुख्यमंत्री के दैनिक कार्यक्रमों की जानकारी
- छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, इतिहास और अन्य विशेषताओं की जानकारी
- विभिन्न जिलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

## स्वागतम पोर्टल

CMO
स्वागतम पोर्टल

- मंत्रालय में प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन आवेदन
- SMS और ई- मेल के माध्यम से प्रवेश पास
- समय की बचत और कार्यों का त्वरित निपटारा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

**विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## सबसे महंगे देसी खिलाड़ी

ऋषभ पंत 27 करोड़ लखनऊ

श्रेयस अय्यर 26.75 करोड़ पंजाब

| खिलाड़ी | टीम | रकम |
|---|---|---|
| वेंकटेश अय्यर | कोलकाता | 23.75 करोड़ |
| अर्शदीप सिंह | पंजाब | 18 करोड़ |
| युजवेंद्र चहल | पंजाब | 18 करोड़ |
| लोकेश राहुल | दिल्ली | 14 करोड़ |

*दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के बीच अय्यर को लेकर काफी समय तक होड़ रही लेकिन आखिर में पंजाब ने बाजी मारी।*



**26.75 करोड़ में पंजाब के हुए श्रेयस**

**लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपए में खरीद लिया।**

## सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी

| खिलाड़ी | टीम | रकम |
|---|---|---|
| जोस बटलर | गुजरात | 15.75 करोड़ |
| मिचेल स्टार्क | दिल्ली | 11.75 करोड़ |
| मार्कस स्टोइनिस | पंजाब | 11 करोड़ |
| कैगिसो रबाडा | गुजरात | 10.75 करोड़ |
| लियाम लिविंगस्टोन | बेंगलुरु | 8.75 करोड़ |
| डेविड मिलर | लखनऊ | 7.50 करोड़ |

**शमी बने 10 करोड़ी**

# मेगा ऑक्शन : पंत-अय्यर आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

**एजेंसी/जेद्दा।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपेक्षा के अनुरुप इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए जिन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स ने यहां रविवार को मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपए में खरीदा जबकि केकेआर को इस साल खिताब दिलाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर 26 करोड़ 75 लाख रुपए में पंजाब किंग्स से जुड़े। पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच जमकर होड़ लगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले 20 करोड़ 75 शेष पेज 2 पर



### 18 करोड़ में पंजाब के लिए गेंद फेंकेंगे अर्शदीप

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पंजाब ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके 18 करोड़ रुपए में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने आखिरी बोली 18 करोड़ रुपए की लगाई थी जिसे आरटीएम के जरिए पंजाब ने मैच किया।



### आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों पर नजर

*छत्तीसगढ़ के 7 खिलाड़ियों ने आईपीएल नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। पहले दिन कैप्ड खिलाड़ियों पर बोली लगी। दूसरे दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों पर बोली लगने की संभावना है। इन खिलाड़ियों में अमनदीप खरे, अजय मंडल, आयुष पांडे, आशीष डहरिया, प्रतीक यादव, प्रशांत पैकरा और शुभम अग्रवाल शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों का आधार मूल्य 30 लाख रुपए है।*

## सीएम साय अब ट्रेन से भी करेंगे राज्य का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अब ट्रेन से भी प्रदेश के विविध क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह निर्णय श्री साय ने उस वक्त अचानक लिया जब बिलासपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होने के लिए बिलासपुर जाने की तैयारियों की बात चली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन यात्रा मेरे लिए नई नहीं है। विधायक एवं सांसद रहते हुए मैंने अनेक बार ट्रेन यात्रा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन से यात्रा करने का आनंद यह है कि बहुत से नए लोगों से परिचय होता है, उनसे आत्मीय शेष पेज 2 पर

- अमरकंटक एक्सप्रेस से गए बिलासपुर

### साय ने रेलयात्रियों का जीता दिल

मुख्यमंत्री साय की रायपुर से बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान उनकी सहजता एवं सरलता ने यात्रियों का दिल जीत लिया। बातचीत के दौरान उन्होंने यात्रियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी चर्चाएं शेष पेज 2 पर

## विधानसभा चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की चल रही जद्दोजहद

**बड़ा सवाल : देवेंद्र फडणवीस या एकनाथ शिंदे- कौन होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री?**

# महाराष्ट्र में सस्पेंस, झारखंड में 28 को शपथ लेंगे सोरेन

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद महायुति गठबंधन के भीतर मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस है। अभी तक यह साफ नहीं है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी शिवसेना, भाजपा या एनसीपी नेता को मिलेगी। इधर, झारखंड में हेमंत सोरेन ने राजभवन पहुंचकर गवर्नर संतोष गंगवार से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा, फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को रांची में हो सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के 23 नवंबर को घोषित हुए नतीजों में महायुति को दो तिहाई से अधिक बहुमत मिला है। महायुति को 288 में से 230 सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 149 सीटों पर चुनाव लड़ा और 132 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं शिवसेना को 57 और एनसीपी को 41 सीटों पर जीत मिलीं। इस बीच खबर है कि महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का फॉर्मूला लगभग तय हो चुका है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी से 20-22 विधायक मंत्री बनाए जा सकते हैं, वहीं शिवसेना से 10-12 विधायक और अजित पवार की एनसीपी से 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। शेष पेज 2 पर

### फडणवीस-शिंदे-अजित एक साथ दिल्ली जाएंगे, कांग्रेस ने झारखंड में मांगे चार कैबिनेट पद

### शिवसेना ने शिंदे को सौंपी कमान

महाराष्ट्र में शिवसेना के नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को राज्य में अगली सरकार के गठन के लिए सत्तारूढ़ महायुति सहयोगियों के साथ बातचीत करने के लिए अधिकृत किया है। शिवसेना विधायक दल की बैठक पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के मुंबई में हुई। पार्टी नेता दीपक केसरकर ने कहा कि मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर कोई विवाद नहीं है। महायुति में शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राकांपा शामिल हैं।



फाइल फोटो

### भुजबल बोले-अजित बन सकते हैं सीएम

एनसीपी नेता छगन भुजबल के बयान ने हलचल फिर बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि अजित पवार भी सीएम बन सकते हैं। भुजबल ने कहा, तीनों दल एक साथ बैठेंगे और तय किया जाएगा कि हमारा नेता कौन होगा। हम तीनों दल एकसाथ बैठेंगे और तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा।

### राकांपा ने अजित को चुना नेता

राकांपा ने पार्टी अध्यक्ष अजित पवार को रविवार को विधानसभा में पार्टी का नेता चुना। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पवार को विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया और उनके सहयोगी अनिल पाटिल को फिर से मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया।



### पहली बार सरकार को दूसरा कार्यकाल

झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत हुई है। इसी के साथ हेमंत सोरेन अपनी सरकार रिपीट करने में सफल रहे हैं। झारखंड राज्य के गठन के बाद यह पहला मौका होगा, जब किसी सरकार को दूसरे कार्यकाल के लिए जनादेश मिला है। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटों के साथ इंडिया ब्लॉक ने बहुमत हासिल किया है।

## आपस में टकराईं काफिले की गाड़ियां, बाल-बाल बचीं कैबिनेट मंत्री राजवाड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के बाद महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सड़क हादसे का शिकार हुई हैं। एनएच 343 पर ग्राम चरगढ़ के समीप ट्रेलर चालक की लापरवाही के कारण मंत्री के काफिले की चार गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में मंत्री श्रीमती राजवाड़े बाल बाल बच गईं। घटना के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच शेष पेज 2 पर

### हिरासत में ट्रेलर चालक

इस हादसे की मुख्य वजह ट्रेलर चालक की लापरवाही बताई जा रही है। ट्रेलर चालक ने मंत्री का काफिला देखने के बाद भी वाहनों को सामने से ओवरटेक करने का प्रयास किया। घटना के बाद तेज रफ्तार से भाग रहे ट्रेलर क्रमांक एनएल 1 एएच 8477 को शेष पेज 2 पर

### हम सभी स्वस्थ

*ट्रेलर ने सामने से ओवरटेक किया जिससे काफिले के वाहन अनियंत्रित हो गए। अचानक ब्रेक लगने से गाड़ियां आपस में टकरा गईं। छोटी सी घटना थी। सभी के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा से हम सभी स्वस्थ हैं।*

*-लक्ष्मी राजवाड़े, कैबिनेट मंत्री*




## चिंतन

# करारी हार के बाद भी कांग्रेस बदलने को तैयार क्यों नहीं

कांग्रेस के साथ जो हरियाणा के विधानसभा चुनाव में हुआ वही महाराष्ट्र में हो गया। अगर पार्टी ने देश की राजधानी से सटे हरियाणा के चुनाव से कोई सबक लिया होता तो महाराष्ट्र की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन बीते एक दशक से देखने में आ रहा है कि कांग्रेस एक-एक करके सिमट रही है, फिर भी उसके नेताओं और नीति में कोई बदलाव नहीं आ रहा। हरियाणा की ही तरह महाराष्ट्र में भी हवा कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में नजर आ रही थी। लोकसभा चुनाव में इसके रुझान भी सामने आ गए थे, लेकिन परिणाम कुछ और ही आए। 1972 के बाद ये पहला मौका है, जब किसी अलायंस को महाराष्ट्र में इतना बड़ा मैंडेट मिला है। चुनाव से चार महीने पहले शुरू की गई महायुति सरकार की 'लाडकी बहिन योजना' गेम चेंजर बनी। इस चुनाव में भाजपा के माइक्रोमैनेजमेंट ने इतनी बड़ी कामयाबी दिलाई। इसके अलावा 25 हजार महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती, सीनियर सिटीजन की पेंशन 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने और हर महीने 25 लाख नौकरियां, 10 लाख छात्रों को 10 हजार रुपये महीना ट्यूशन फीस देने का वादा महायुति की छवि को मजबूत करने में कामयाब रहा। लोकसभा चुनाव के बाद अघाड़ी की तीनों पार्टियां ओवरकॉन्फिडेंट नजर आईं, जिसका चुनाव में नुकसान हुआ। चुनाव से ठीक पहले पांच गारंटी देने की बात की थी, लेकिन इन गारंटियों को वो जनता के बीच पहुंचाने में नाकाम रही। महाविकास अघाड़ी की तुलना में महायुति की तीनों पार्टियों का पोलिंग कोऑर्डिनेशन बेहतर था। उन्होंने बिना वक्त गंवाए टिकट का बंटवारा किया। वहीं, एमएवी हर दिन होटल में मीटिंग करती रही। फिर भी नॉमिनेशन के आखिरी दिन से कुछ दिन पहले कैंडिडेट घोषित कर सकी। इसका आम वोटर में गलत संदेश गया। इसके अलावा चुनावों के ठीक पहले एकनाथ शिंदे सरकार ने मदरसों के शिक्षकों की सैलरी बढ़ाई। शिंदे ने एक मुस्लिम उम्मीदवार को भी चुनाव मैदान में उतारा। 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारों का विरोध कर एनसीपी और बीजेपी के कुछ नेताओं ने मुसलमानों को अपने यहां से जाने से रोका, जिसका फायदा चुनाव में साफ नजर आ रहा है। मौजूदा सरकार को अपनी जिस स्कीम पर सबसे ज्यादा भरोसा था, उसी ने काम किया है। उनकी महिलाओं तक 1500 रुपये पहुंचाने की डायरेक्ट ट्रांसफर बेनिफिट योजना लाडकी बहिन थी, वो कारगर साबित हुई। दीपावली से पहले जिस तरीके से महिलाओं को 7500 रुपये मिले, उसने पूरा गेम चेंज कर दिया। इसने एक साथ 6 फीसदी महिलाओं के वोट में इजाफा कर दिया, जो गेमचेंजर साबित हुआ। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस, एनसीपी (शरद) और उद्धव ठाकरे ने घोषणाएं तो बहुत की, लेकिन उसे आम जनमानस तक पहुंचाने में कामयाब नहीं हो पाए। न ही ये दल एक-दूसरे को अपने वोट शिफ्ट करवा पाए। वहीं भाजपा के नेतृत्व में शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार) की तिकड़ी में गजब का तालमेल नजर आया और पीछे से आरएसएस की रणनीति ने तस्वीर ही बदल दी। चुनाव से महिनों पहले सिर्फ महाराष्ट्र के ही नहीं संघ के बाहर के प्रचारक भी यहां काम करने आ गए। हालांकि कांग्रेस के कई नेता भी पहुंचे, लेकिन वो मीटिंग तक ही सीमित रहे, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। असल में एक के बाद एक मिल रही करारी हार के बाद भी न तो कांग्रेस के नेता संभलने तो तैयार हैं और न ही आलाकमान। अगर हालात यही रहे तो देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल एक दिन इतिहास बनकर रह जाएगा।

## सारा संसार



विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। भगवान शिव का यह मंदिर उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में गंगा नदी के तट पर स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है।

## व्यंग्य

सत्याकिशन




# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान प्रणाली की शुरुआत

भारत की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय की शुरुआत की गई है। यह कदम भारतीय संस्कृति, परंपराओं और ज्ञान की धरोहर को संजोने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली, जिसे संक्षेप में आई के एस कहा जाता है। इसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय परंपराओं, विज्ञान, कला, साहित्य, दर्शन, योग, आयुर्वेद, गणित और अन्य क्षेत्रों में समृद्ध विरासत के बारे में जागरूक करना है। एनईपी 2020 ने शिक्षा के हर स्तर पर भारतीयता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। आईकेएस की शुरुआत उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस पहल के बारे में बताते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि हमारी युवा पीढ़ी भारतीय ज्ञान की महान परंपराओं और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत हो। यह न केवल हमारे सांस्कृतिकऔर ऐतिहासिक गर्व को बढ़ाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को भी मजबूती प्रदान करेगा।

आईकेएस का पाठ्यक्रम विभिन्न आयामों को समाहित करेगा, जिसमें भारतीय दर्शन, प्राचीन साहित्य, वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, नाट्यशास्त्र, वास्तुशास्त्र, और पारंपरिक कला और संगीत शामिल हैं। इसके अलावा, छात्रों को भारतीय गणित, खगोल शास्त्र, धातुकर्म, और अन्य प्राचीन विज्ञानों का भी ज्ञान दिया जाएगा। इस विषय को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा में चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि वे आई के एस के विभिन्न पहलुओं को प्रभावीढंग से पढ़ा सकें। इसके अलावा, डिजिटल संसाधनों और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को इस विषय के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि आई के एस विषय के समावेश से छात्रों में न केवल भारतीय संस्कृति और ज्ञान के प्रति गर्व और सम्मान की भावना जागृत होगी, बल्कि यह उन्हें समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरितकरेगा। इससे भारत के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच एक सेतु का निर्माण होगा, जो नई खोजों और नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा। अनेक शिक्षा विदों ने इस पहल का स्वागत किया है। इसे भारतीय शिक्षा प्रणाली के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। उनके अनुसार, आई के एस का समावेश छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़ने और वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान की विशिष्टता को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आई के एस विषय की शुरुआत भारतीय शिक्षा प्रणाली के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। यह पहल न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायक होगी, बल्कि भारतीय समाज के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*-सह प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर*



विचार
अमित शाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

# विश्व के लिए आदर्श 'सहकार से समृद्धि' का भारतीय दर्शन

सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक रूप से आकांक्षी लोगों को न सिर्फ समृद्ध बनाती है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की व्यापक मुख्यधारा का हिस्सा भी बनाती है। सहकारिता बिना पूंजी या कम पूंजी वाले लोगों को समृद्ध बनाने का एक बहुत बड़ा साधन है। सहकारिता के माध्यम से भारत इन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

हमारे देश में सहकारिता की एक विस्तृत परंपरा तो रही है, लेकिन आजादी से पहले सहकारिता जिस प्रकार आर्थिक आंदोलन का माध्यम बनी, उसे और भी अधिक ऊर्जा और शक्ति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में शुरू हुआ। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता का स्वायत्त मंत्रालय स्थापित कर सहकारिता के लिए अवसरों के सारे बंद दरवाजे खोल दिए। महज तीन वर्षों में देश में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए जितने कदम उठाये हैं, उससे भारत अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में भी 'विश्वमित्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अब भारत का सहकारिता आंदोलन एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश 25-30 नवंबर, 2024 को दिल्ली में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) महासभा' और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है। आईसीए के 130 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत इसका आयोजक होगा। इस सम्मेलन से संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का भी शुभारंभ होगा। आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी वैश्विक सहकारी आंदोलन में भारत के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया है, जिसका उद्देश्य देश की सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। देश में सहकारी तंत्र का विस्तार कर एक नया आर्थिक मॉडल खड़ा किया जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को पाँच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होगा। दुनिया के अन्य देशों के लिए यह एक विकास मॉडल के रूप में सामने आएगा।

भारत में प्राचीन काल से ही सहकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इसके संकेत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में भी 'निधियों' का प्रचलन सहकारी वित्तीय व्यवस्था की झलक प्रदान करता है। पाश्चात्य विचारों से प्रभावित कई अर्थशास्त्रियों ने 21वीं सदी की शुरुआत में ही यह चर्चा प्रारंभ कर दी थी कि



सहकारिता का विचार आधुनिक युग में कालबाह्य हो गया है। मेरा यह स्पष्ट मानना है कि भारत जैसे 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में किसी 3 करोड़, 5 करोड़ या 10 करोड़ जनसंख्या वाले देशों का आर्थिक मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए, आर्थिक विकास के सभी मानकों में वृद्धि के साथ-साथ यह आवश्यक है कि 140 करोड़ लोगों की समृद्धि हो, सभी व्यक्तियों को काम मिले और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार भी प्राप्त हो, और यह केवल सहकारिता के माध्यम से ही संभव है। देश के इतिहास में इसके कई उदाहरण भी हैं। अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने पिछले 100 वर्ष में 100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। बैंक न केवल अपने एनपीए को शून्य पर बनाये रखने में सफल रहा है बल्कि उसके पास 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि भी है। अमूल भी सहकारी आंदोलन का उल्लेखनीय उदाहरण है। वर्तमान में, इससे 35 लाख परिवार सम्मान और रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और इन परिवारों की महिलाएं अग्रिम पंक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। परिणामस्वरूप, आज अमूल का वार्षिक कारोबार 80,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है। दिलचस्प बात यह है कि इन महिलाओं में से किसी ने भी 100 रुपए से अधिक का प्रारंभिक निवेश नहीं किया था।

सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार ने 60 से अधिक पहलों पर काम शुरू किया है। दशकों की उपेक्षा और प्रशासनिक कुरीतियों के परिणामस्वरूप अधिकांश प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) आर्थिक रूप से कमजोर और निष्क्रिय हो गईं थी। सरकार ने पैक्स के कार्यक्षेत्र में विस्तार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का काम शुरू किया। इनके लिए नए बाय-लॉ अपनाने से अब पैक्स डेयरी, मत्स्य पालन, अन्न भंडारण, जन औषधि केंद्र आदि जैसे 30 से अधिक विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में सक्षम हुए हैं। तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के गठन से सहकारिता का क्षितिज और व्यापक हुआ है। राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ने विदेशी बाजारों तक सहकारी उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाया तो राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड ने जैविक प्रमाणीकरण और बाजार का मंच तैयार किया। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने उन्नत बीजों की सुलभता सुनिश्चित की है। वित्तीय सहायता, कर राहत और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से सहकारी चीनी मिलें समृद्ध हो रही हैं। सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहकारी संस्थाओं के पैसे को सहकारी बैंकों में ही जमा करने पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के माध्यम से सहकारी समितियों को पारदर्शी बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने से देश के सहकारी रूप से कम विकसित क्षेत्रों में सहकारी समितियों की पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त सरकार एक समग्र और व्यापक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर भी काम कर रही है।

आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन 2024 का मंच भारत के सहकारी आंदोलन द्वारा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु भारत के अभूतपूर्व प्रयासों को रेखांकित करेगा। सम्मेलन का एक मुख्य एजेंडा एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण है, जो सहकारी समितियों को उभरती चुनौतियों का सामना करने और अवसरों के उपयोग के लिए सशक्त बनाए।

आज जब हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं, मैं दुनिया भर के सहकारी नेताओं, नीति निर्माताओं और मानव विकास के पक्षधरों का आह्वान करता हूं। आइए! हम वैश्विक सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए- सीखने, साझा करने और सहकार की भावना के साथ एकजुट हों। "सहकार से समृद्धि" के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सामूहिक समृद्धि, सातत्यता और साझा प्रगति जैसे मूल्यों पर आधारित उज्वल भविष्य का संकल्प है। *-लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं।*


# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
**प्रेरणा**

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा-आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूंगी। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की ओर जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगी। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूं। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली। ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना है कि कर्म का महत्व होता है। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी, उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इंसान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा है। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता है। ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता है। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो। आगे-आगे चलना है तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### योजनाओं में पारदर्शिता लाना जरूरी

हाल ही में राशन कार्डों की केवाईसी में करोड़ों राशन कार्डों को फर्जी पाया गया है जो कि यह सिद्ध करता है कि हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हैं और भ्रष्टाचार में राजनेता ही नहीं, सरकारी बाबुओं के साथ-साथ आम लोग भी संलिप्त हैं। केंद्र सरकार ने महिलाओं के जन धन खाते में लगभग पांच सौ रुपए डालने की कोशिश की थी, तब भी समृद्ध महिलाओं ने अपने जन धन खाते जरूर खुलवाए होंगे। वैसे भी हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं, कुछ सत्ताधारी, राजनेता और सरकारी बाबू समृद्ध लोगों को भी फर्जी गरीब बना देते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो हमारे देश में गरीबों की योजनाओं के फर्जीवाड़े के मामले सुर्खियां न बनते। कुछ समय पहले एक फर्जीवाड़े की खबरें सामने आई थी।

*- संदीप पुरोहित, भाटापारा*

## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम



मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने सिर्फ 5 महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। ये हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांग्रेस परजीवी पार्टी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि कांग्रेस ऐसी परजीवी पार्टी है, जो बेल की तरह जिसके साथ भी चिपकती है, उसे भी सुखा देती है। महाराष्ट्र चुनाव ने कांग्रेस को तो सुखाया ही लेकिन परजीवी पार्टियों को भी सुखा दिया।

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**


### इंसाफ़ की उम्मीद



संभल में शांति की अपील के साथ ही ये भी अपील है कि कोई भी इंसाफ़ की उम्मीद न छोड़े। नाइंसाफी का हुक्म ज़्यादा दिन नहीं चलता। सरकार बदलेगी और न्याय का युग आएगा।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### कम खपत की जरूरत



जहां दुनिया की 15% आबादी ग्रह के 80% संसाधनों का उपभोग करती है, हमें उनकी अनियंत्रित खपत पर कर का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। हमें उनकी कम खपत की सख्त जरूरत है! **शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# मैं जलवायु संकट को कर्म के नजरिए से देखता हूं



प्रसिद्ध लेखक अमिताव घोष को जलवायु परिवर्तन संकट के इर्द-गिर्द "अकल्पनीय की कल्पना" विषय पर उनके योगदान के लिए मंगलवार को एम्स्टर्डम के रॉयल पैलेस में एक भव्य समारोह में 'इरास्मस पुरस्कार' प्रदान किया जाएगा। घोष दक्षिण एशिया के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।घोष का जन्म कोलकाता में हुआ था। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे पुरस्कार के लिए चुने जाने पर 'बेहद सम्मानित' महसूस कर रहे हैं, जिसे दशकों से चार्ली चैपलिन और इगमार बर्गमैन जैसे कलाकारों से लेकर ट्रेवर नोआ तक विभिन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों कोप्रदान किया गया है। 'प्रीमियम इरास्मियनम फाउंडेशन' ने इस पुरस्कार के लिए घोष को चुना है। घोष ने अगले सप्ताह नीदरलैंड में होने वाले पुरस्कार समारोह से पहले कहा, 'मैं आशावाद और निराशावाद या आशावाद और निराशा के बीच के इस पूरे द्वैतवाद में बहुत विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि भारतीय पृष्ठभूमि से होने के नाते मैं इन चीजों के बारे में कर्म और धर्म के संदर्भ में सोचता हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हालात चाहे कैसे भी हों यह हमारा धर्म है कि हम जो भी कर सकते हैं, करें।

## ऑफ बीट

# क्रिस्टल से खुलासा, मंगल ग्रह पर शुरू से ही था पानी

पृथ्वी पर पानी सर्वत्र मौजूद है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। पानी हवा में, सतह पर और चट्टानों के अंदर मौजूद है।



भूगर्भीय साक्ष्य बताते हैं कि लगभग 4.3 अरब साल पहले से पृथ्वी पर पानी मौजूद रहा है। मंगल ग्रह पर पानी का इतिहास बहुत अनिश्चित है। यह निर्धारित करना कि पानी पहली बार कब, कहां और कितने समय तक दिखाई दिया, ये सभी ज्वलंत प्रश्न हैं जो मंगल ग्रह पर खोज को आगे बढ़ाते हैं। यदि मंगल ग्रह पर कभी जीवन संभव था, तो कुछ मात्रा में पानी की आवश्यकता वहां रही होगी। हमने मंगल ग्रह से आए उल्कापिंड में मौजूद खनिज जिरकोन का अध्ययन किया और पाया कि 4.45 अरब साल पहले जब जिरकोन क्रिस्टल बना था, तब वहां पानी मौजूद था। साइंस एडवांसेज पत्रिका में आज प्रकाशित हमारे नतीजे मंगल ग्रह पर पानी के सबसे पुराने सबूत पेश कर सकते हैं। लाल ग्रह था आद्र यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि मंगल ग्रह के आरंभिक इतिहास में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपने परिणामों को व्यापक संदर्भ में रखने के लिए, आइए सबसे पहले विचार करें कि मंगल ग्रह के भूवैज्ञानिक समय-सीमा के संदर्भ में 'प्रारंभिक मंगल' का क्या अर्थ है, और फिर मंगल ग्रह पर पानी की खोज के विभिन्न तरीकों पर विचार करें।

**रायपुर**

**सोमवार, 25 नवंबर 2024**

अगहन कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 23, अंक : 129
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 29.2
न्यून. 15.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### संसद का शीतकालीन सत्र आज से



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान करीब 19 बैठकें होंगी। इस सत्र में 16 विधेयकों पर चर्चा होने का अनुमान है। संसद के इस विशेष सेशन में पांच नए विधेयक, विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित कई बिल पारित हो सकते हैं। इस सत्र में सबसे ज्यादा नजर वक्फ बिल पर होगी, जिसपर जेपीसी की बैठक में काफी हंगामा पहले ही हो चुका है।






## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दो ड्रोन मिले

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दो ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है।



दाओके गांव के निकट एक खेत से 570 ग्राम हेरोइन से भरा एक पैकेट सहित एक ड्रोन जब्त किया गया। इसके अलावा महावा गांव के पास शनिवार को गश्त कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक खेत से एक और ड्रोन बरामद किया।

### रेलवे पटरी से 25 फुट लंबी लोहे की सरिया बरामद

**पीलीभीत।** पीलीभीत से बरेली के बीच रेल पटरी पर 25 फुट लंबी लोहे की सरिया पुलिस ने रेलकर्मियों के साथ बरामद की है।



यहां जहानाबाद थानाक्षेत्र में पीलीभीत-बरेली रेल पटरी पर 25 फुट लंबी लोहे की सरिया मिली। इस संबंध में जहानाबाद थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### दिव्यांग आरक्षण के लिए दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र ने कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण और पदों की पहचान सुव्यवस्थित करने के लिए



व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ऐसे पदों की समय-समय पर पहचान और उनका मूल्यांकन करने के लिए समितियों का गठन अनिवार्य किया गया है। यदि कोई पद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त समझा जाता है, तो पद आरक्षित रहेंगे।

### फेसबुक लाइव से आत्महत्या कर रहे युवक को बचाया

**जयपुर।** जयपुर के एक होटल में युवक को आत्महत्या करने से रोक लिया गया। युवक सोशल मीडिया मंच फेसबुक 'लाइव' करके



आत्महत्या करने जा रहा था। जयपुर के बगरू कस्बे का रहने वाला पवन अजमेर हाइवे पर एक होटल में रुका। उसने अपने कमरे से 'फेसबुक लाइव' शुरू किया और आत्महत्या करने की धमकी दी।

---

जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल
इंटरनेट बैन, स्कूल कॉलेज बंद

पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज भी

बीस से अधिक पुलिसकर्मी और दो दर्जन लोग चोटिल

# सर्वे पर संग्राम, जल उठा संभल पत्थरबाजी-हिंसा में चार की मौत

*यूपी के संभल की जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर रविवार को किए जा रहे सर्वेक्षण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान चार व्यक्तियों की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को जलाने की कोशिश की और पुलिस पर पथराव किया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इस बीच, पूरे शहर इंटरनेट बैन कर दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶ संभल





एक स्थानीय अदालत के आदेश पर गत मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था। इसके बाद से संभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त है। दरअसल स्थानीय अदालत में एक याचिका दाखिल करके दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है, वहां पहले हरिहर मंदिर था। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने संभल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मामले में उपद्रवियों के दो तीन समूह थे जो लगातार गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस प्रशासन ने सर्वे करने आई टीम को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि समूहों में उपद्रव करने वालों में एक समूह के लोग नखासा में चले गये और पथराव शुरू कर दिया। सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन ▶▶ शेष पेज 2 पर



### एसडीएम के टूटे पैर

डिविजनल कमिश्नर ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में एसपी के जनसंपर्क अधिकारी के पैर में गोली लगी है, जबकि एसडीएम का पैर टूट गया है। उन्होंने कहा कि सीओ को भी छर्रे लगे हैं। कमिश्नर ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

### स्थिति तनावपूर्ण, 10 हिरासत में

जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेसिया ने कहा, कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया लेकिन अब स्थिति शांतिपूर्ण है। हमने पथराव की घटना के सिलसिले में करीब 10 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा, संभल में स्थिति नियंत्रण में है और हम हालात पर नजर रखे हुए हैं।

### मुस्लिम जमात ने कहा- शांति बनाए रखें

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को संभल में पथराव और तोड़फोड़ की आलोचना की। मुस्लिम समुदाय से जिले में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की। मौलाना बरेलवी ने कहा कि पथराव और तोड़फोड़ उचित नहीं है। मैं संभल के मुसलमानों से इस्लाम की शांति और सौहार्द्र की शिक्षाओं को बनाए रखने की अपील करता हूं। जामा मस्जिद हमारी है। इसकी मीनारें, दीवारें और गुंबद इस बात का सबूत हैं कि यह एक तारीखी मस्जिद है।

---

## कैंटर-कार की टक्कर, कृपालु महाराज की बड़ी बेटी की मौत

- हादसे में दो बेटी समेत सात घायल
- सिंगापुर जाने के लिए निकली थीं



एजेंसी ▶▶ मथुरा

यूपी के वृंदावन स्थित प्रेम मंदिर के संस्थापक कृपालु महाराज की बड़ी बेटी विशाखा त्रिपाठी की रविवार सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा के निकट एक भीषण दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस घटना में उनकी दो बहनों समेत सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कृपालु महाराज के मुख्य शिष्य एवं प्रेम मंदिर के मुख्य सेवक अजय त्रिपाठी ने बताया कि जगतगुरू दिवंगत कृपालु महाराज की तीनों बेटियां तड़के चार बजे सिंगापुर जाने के लिये दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जा रही थीं कि इसी दौरान रास्ते में नोएडा में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी कारों को टक्कर मार दी।

### दो बेटियों की हालत गंभीर

कृपालु महाराज की दोनों छोटी बेटियों को गंभीर रूप से घायल हालत में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति बेहद नाजुक बतायी जा रही है। अन्य घायलों को भी अस्पताल में उपचार जारी है। मृतका विशाखा त्रिपाठी का अंतिम संस्कार वृन्दावन में ही किया जाएगा।

### विशाखा करती थी आश्रम की देखरेख

जगतगुरू कृपालु महाराज एवं उनका परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश के ही प्रतापगढ़ जनपद के मनगढ़ (कुण्डा) का मूल निवासी है। विशाखा त्रिपाठी ही वहां स्थित आश्रम की देखरेख करती थीं, जबकि उनकी दोनों छोटी बहनें क्रमशः वृन्दावन एवं बरसाना स्थित मंदिरों का कार्यभार संभालती हैं।

---

# यूपी, बिहार जा रहा छत्तीसगढ़ का टमाटर इसलिए कीमत अब भी 40-50 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**कारोबारी बाहर से मंगवाएंगे ट्रक**

छत्तीसगढ़ में लोकल टमाटर की फसल आने के बाद भी एक माह में कीमत कम नहीं हुई है। इसकी सबसे वड़ी वजह यह है कि लोकल टमाटर उत्तरप्रदेश और बिहार ज्यादा जा रहा है। वहां की डिमांड के कारण यहां पर कीमत कम नहीं हो रही है। बीते साल नवंबर में लोकल टमाटर थोक में 5 से 10 रुपए और चिल्हर में 10 से 15 रुपए किलो बिक रहा था, लेकिन इस समय कीमत बीते साल से तीन गुना है।

- बेंगलुरु का टमाटर आ रहा सस्ता लोकल की कीमत ज्यादा

थोक में जहां कीमत 32 से 35 रुपए है, वहीं चिल्हर में यह 40 से 50 रुपए बिक रहा है। बेंगलुरु से आने वाले टमाटर की कीमत लोकल से कम है। अगर आने वाले समय में लोकल टमाटर की कीमत कम नहीं हुई तो थोक कारोबारी बाहर से ज्यादा माल मंगाने की तैयारी में हैं। बेंगलुरु का टमाटर यहां पर 20 से 25 रुपए किलो पहुंच रहा है। टमाटर की कीमत ने इस साल रुलाने का काम ▶▶ शेष पेज 2 पर




### बीते साल से कीमत तीन गुना

लोकल टमाटर की कीमत इस समय थोक मंडी में 32 से 35 रुपए है। रोज रायपुर की मंडी में 15 ट्रक लोकल माल आ रहा है। पूरे राज्य की बात करें तो राज्यभर में रोज लोकल टमाटर 40 ट्रक से ज्यादा आ रहा है। बाहर से राज्यों में बेंगलुरु से भी टमाटर आ रहा है। लेकिन यह तीन से चार ट्रक ही आ रहा है, जबकि इसकी कीमत लोकल टमाटर से कम है।

### बीते साल से कीमत बहुत ज्यादा

लोकल टमाटर की कीमत बीते साल से बहुत ज्यादा है। बीते साल नवंबर में कीमत 5 से 10 रुपए थी। अपने राज्य का टमाटर यूपी और बिहार भी जा रहा है।

**- टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष
डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता एसोसिएशन

### यूपी-बिहार जा रहा है ज्यादा माल

आमतौर पर लोकल टमाटर बाहर के राज्यों में ज्यादा नहीं जाता है, लेकिन इस बार यूपी और बिहार से डिमांड आने के बाद छत्तीसगढ़ का टमाटर वहां जा रहा है। वहां से किसानों को अच्छी कीमत मिल रही है, यही वजह है कि यहां पर भी ज्यादा कीमत में टमाटर बिक रहा है। आने वाले समय में कीमत के कम होने के आसार कम हैं। यही वजह है कि कारोबारी बाहर का टमाटर ज्यादा मंगाने की तैयारी में हैं। बीते साल प्रदेश की मंडी में कीमत न मिलने के कारण किसानों को टमाटर फेंकने भी पड़े थे, इसलिए जहां इस बाहर अपनी फसल बाहर के राज्यों में भेज रहे हैं, वहीं इस बार फसल भी कम लगाई गई है।











### अदाणी पर जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोप में अभियोग चलाने के



संबंध में जांच का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि इस कदम से समूह द्वारा किए गए कदाचार का खुलासा हुआ है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद में भारतीय कॉरपोरेट दिग्गज द्वारा शेयरों के मूल्य में हेरफेर के आरोपों से संबंधित याचिकाओं के समूह में एक अंतरिम आवेदन के रूप में दायर की गई है।

## जैकेट के शेष

### मेगा ऑक्शन : पंत-अय्यर ....

लाख रुपए पर राइट टू मैच का इस्तेमाल किया लेकिन लखनऊ ने आखिरी बोली 27 करोड़ रुपए की लगाई तो दिल्ली टीम पीछे हट गई।

**चहल को मिला 18 करोड़ :** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपए में खरीद लिया। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लियाम लिविंगस्टोन ने आठ करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए। भारत के स्टार खिलाड़ियों में केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को गुजरात टाइटंस ने 12 करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा।

**शमी बने 10 करोड़ी :** फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले कुछ समय से भारतीय टीम से बाहर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सनराइजर्स हैदराबाद ने दस करोड़ रुपए में खरीदा।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को गुजरात टाइटंस ने 10 करोड़ 75 लाख रुपए में और इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को 15 करोड़ 75 लाख रुपए में खरीदा।

### महाराष्ट्र में सस्पेंस, ....

बीजेपी महाराष्ट्र में हर हाल में परसों तक सरकार का गठन करना चाहती है। मोदी सरकार प्रदेश में किसी भी स्थिति में राष्ट्रपति शासन नहीं लगने देना चाहती है। इधर, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेता और भाजपा का नेतृत्व यह तय करेगा कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।

### आपस में टकराईं ....

गया। मंत्री फिलहाल पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं और प्राथमिक जांच के बाद वे कुसमी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गईं। बताया जा रहा है कि रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कुसमी में आयोजित स्व. बिरसा मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुई थीं। दोपहर लगभग 3 बजे मंत्री का काफिला एनएच 343 पर जैसे ही चरगढ़ घाट के समीप पहुंचा तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने मंत्री के काफिले को ओवरटेक करने का प्रयास किया। ट्रेलर का चालक लापरवाहीपूर्वक वाहक चला रहा था। इस दौरान ट्रेलर से बचने के लिए मंत्री के काफिले में शामिल पायलट वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। ब्रेक लगते ही पीछे चल रहीं मंत्री श्रीमती राजवाड़े की कार समेत तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में कुल चार वाहन क्षतिग्रस्त हुए। गनीमत रही कि हादसे में मंत्री श्रीमती राजवाड़े को चोट नहीं आई। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को अपने शासकीय वाहन में बैठकर विश्रामगृह पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनकी प्राथमिक जांच की। इस हादसे में मंत्री को कोई चोट नहीं आई है और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। प्राथमिक जांच के बाद मंत्री श्रीमती राजवाड़े कुसमी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गईं।

### हिरासत में ट्रेलर ....

बरियों चौकी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया है। इसके साथ ही ट्रेलर चालक शीशा कुमार को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम साय अब ....

मुलाकात होती है और ऐसा लगता है कि बहुत बड़े परिवार के साथ यात्रा पर जा रहे हों। श्री साय रविवार शाम अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। वे मुख्यमंत्री निवास से कार द्वारा रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां बिना विशेष ताम झाम के प्लेटफार्म तक पहुंच गए। मुख्यमंत्री को अचानक प्लेटफार्म पर देखकर लोगों की खुशियों का ठिकाना न रहा। उन्होंने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का अभिवादन किया, श्री साय ने भी गर्मजोशी से उनसे मुलाकात कर बातचीत की। इस मौके पर विधायक अनुज शर्मा, भैयालाल राजवाड़े और गुरु खुशवंत साहेब भी यात्रा के दौरान उनके साथ उपस्थित थे।

### साय ने रेलयात्रियों ....

भी की। मुख्यमंत्री ने 65 वर्षीय श्रीमती रेखा पाली से बातचीत के दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज की सुविधा का जिक्र भी किया। इस खास मौके पर श्रीमती रेखा ने मुख्यमंत्री को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री ने भिलाई से जबलपुर की यात्रा कर रहीं यात्री 45 वर्षीय शिखा से भी बात की। उन्होंने महतारी वंदन योजना से जुड़ी जानकारी उनके साथ साझा की। मुख्यमंत्री की इस यात्रा का सबसे रोचक संवाद 4 वर्षीय समायरा के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने समायरा को चॉकलेट दिया और उससे ढेर सारी बातें की। उन्होंने समायरा के आग्रह पर ऑटोग्राफ दिया।

शरद पवार, राउत और प्रियंका का राज्यसभा जाने का रास्ता बंद

# शरद पवार, राउत और प्रियंका का राज्यसभा जाने का रास्ता बंद

### हालिया चुनाव के नतीजों के बाद उनके विधायकों की संख्या हो गई पहले से बहुत कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद महा विकास अघाड़ी को बड़ा झटका तो लगा ही है। साथ ही एनसीपी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत अब राज्यसभा नहीं जा पाएंगे। शरद पवार और प्रियंका चतुर्वेदी 3 अप्रैल, 2020 को छह साल के कार्यकाल के लिए चुने गए थे, जबकि राउत जुलाई 2022 में चुने गए थे। पवार और चतुर्वेदी दोनों का कार्यकाल 3 अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि राउत का कार्यकाल 22 जुलाई, 2028 को समाप्त होगा। एनसीपी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) दोनों की पर्याप्त ताकत के अभाव में उनके संबंधित दलों के लिए उन्हें फिर से उच्च सदन में भेजना संभव नहीं होगा। पवार ने पहले घोषणा की थी कि यह आरएस के सदस्य के रूप में उनका आखिरी कार्यकाल होगा। इसकी बड़ी वजह हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे हैं।

#### अघाड़ी को लगा है बड़ा झटका

एक दिन पहले आए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजे में उद्धव और शरद पवार की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। उनके विधायकों की संख्या पहले से बहुत कम हो गई है। जिसकी वजह से इन नेताओं के राज्यसभा के लिए फिर से चुने जाने की संभावना बेहद कम हो गई है। इस विधानसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी को 50 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाई। महा विकास अघाड़ी सिर्फ 49 सीटें जीत सकी है। एमवीए की इस विफलता के कारण शरद पवारष संजय राउत और प्रियंका चतुर्वेदी को अपने दम पर अगला राज्यसभा कार्यकाल भी नहीं मिलेगा। आमतौर पर महाराष्ट्र से राज्यसभा जाने के लिए 43 सीटों का कोटा तय है। इस लिहाज से पूरी महा विकास अघाड़ीमिलकर केवल एक को ही राज्यसभा भेज सकती है, वह भी तब जब गठबंधन में किसी एक के नाम पर आम सहमति बन सके।

#### 288 सदस्यीय विधानसभा

*महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद भाजपा 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। दूसरे नंबर पर महायुति के साथी पार्टी शिवसेना (एकनाथ शिंदे) है। शिवसेना ने 57 सीटें जीती हैं। एनसीपी (अजित पवार) 41 सीटों के साथ तीसरे नंबर पर है। शिवसेना (यूबीटी) 20, कांग्रेस 16 और राकांपा (शरद पवार) 10 सीटें ही जीत पाईं। दो सीटें सपा ने जीती। राजनीतिक समीकरणों और इन दलों की विधानसभा में स्थिति को देखते हुए दोनों पार्टियों के लिए इन नेताओं को फिर से राज्यसभा भेजना बेहद कठिन हो गया है। शरद पवार ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका राज्यसभा में अंतिम कार्यकाल होगा। वहीं प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत के फिर से चुने जाने की संभावना बेहद कम है।*

## पेज एक के शेष

### सर्वे पर संग्राम, जल...

ने इन सभी भगाया। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 20 से 25 वर्ष के बीच की उम्र के तीन लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मृतकों की शिनाख्त मोहल्ला कोट गर्वी निवासी नईम, सरायतरीन निवासी बिलाल और हयातनगर निवासी नोमान के रूप में हुई है। मंडल आयुक्त ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पैर में गोली लगी है जबकि उप जिलाधिकारी का पैर टूट गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी छर्रे लगे हैं और अब स्थिति नियंत्रण में है। आयुक्त ने कहा कि पथराव में शामिल दो महिलाओं सहित 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा एक जांच शुरू कर दी गई है। इसके पहले एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों में आग लगाने की भी कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि हिंसा के आरोपियों पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जिला अधिकारियों ने बताया कि सर्वेक्षण की योजना सुबह के समय बनाई गई थी ताकि मस्जिद में होने वाली नमाज में व्यवधान न हो, जो आमतौर पर दोपहर में होती है। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई कथित हिंसा भारतीय जनता पार्टी, सरकार और प्रशासन द्वारा राज्य के उपचुनाव में अनियमितताओं पर से ध्यान हटाने के लिए रची गई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार विवादित स्थल पर अदालत के आदेश के तहत 'एडवोकेट कमिश्नर' ने दूसरी बार सर्वेक्षण कार्य सुबह सात बजे के आसपास शुरू किया और इस दौरान मौके पर भीड़ जमा होने लगी। मुरादाबाद के मंडल आयुक्त ने कहा, सर्वेक्षण शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, तभी मस्जिद के पास लोगों का एक समूह इकट्ठा हो गया और नारेबाजी करने लगा। जब पुलिस ने इलाके को खाली कराने का प्रयास किया, तो भीड़ में शामिल उपद्रवियों के एक समूह ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों को संभवतः निहित स्वार्थ वाले व्यक्तियों द्वारा उकसाया गया था, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति को बाधित करना था। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा, घटनास्थल के पास एकत्रित भीड़ में से कुछ उपद्रवी बाहर आए और उन्होंने पुलिस दल पर पथराव किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ड्रोन, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लोगों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पथराव करने वालों और उन्हें उकसाने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा, "हम घटना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में हैं। आरोपियों पर रासुका के तहत भी मामला दर्ज किया जाएगा। **सपा पर साधा निशाना :** इस बीच, पथराव पर प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यूपी उपचुनाव में हार के बाद समाजवादी पार्टी के नेता बौखला गए हैं। संभल जिले में हिंसा के पीछे उनका ही हाथ है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अब किसी से छिपा नहीं है कि संभल ही नहीं बल्कि हमारे देश में कई ऐसी जगहें हैं जहां हिंदू प्रवेश नहीं कर सकते हैं।

**29 तक कोर्ट को सौंप दी जाएगी रिपोर्ट :** वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने सर्वेक्षण के बारे में कहा कि 19 नवंबर को जारी न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, एडवोकेट कमिश्नर द्वारा रविवार को दूसरे दिन का सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने पुष्टि की कि सभी विशेषताओं की जांच की गई जैन ने कहा कि सर्वेक्षण अब समाप्त हो गया है। रिपोर्ट 29 नवंबर तक अदालत को सौंप दी जाएगी।

### यूपी, बिहार जा रहा...

किया है। इस बार इसकी कीमत सालभर कम-ज्यादा होती रही है। कभी कीमत 20 रुपए रही तो कभी कीमत 120 रुपए तक भी पहुंच गई। बीते माह दीपावली के पहले लोकल टमाटर की फसल आने से पहले टमाटर की कीमत 80 से 100 रुपए थी। दीपावली के बाद कीमत कम हुई और इस बात की संभावना थी कि नवंबर में लोकल फसल ज्यादा आने पर कीमत और कम होगी, लेकिन लोकल फसल आने के बाद कीमत कम जरूर हुई है, लेकिन कीमत अब भी ज्यादा है।

## ऑटो से टकराई कार तो भीड़ ने थाना इंचार्ज को पीटा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में थाना इंचार्ज की कार एक ऑटो से टकरा गई। जिससे ऑटो चालक के सिर में चोट लग गई और वह घायल हो गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच सड़क थानाइंचार्ज को पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। शनिवार को बड़ागांव क्षेत्र के हरहुआ में थाना इंचार्ड छुट्टी पर अपनी कार से पत्नी के साथ सिविल ड्रेस में घर जा रहे थे। मामले में एसीपी प्रतीक कुमार ने बताया कि बड़ागांव थाना अंतर्गत फ्लाईओवर के नीचे थाना इंचार्ज के वाहन से एक ऑटो में टक्कर हो गई। जिसके बाद इंस्पेक्टर राजातालाब और उनके परिवार के लोगों से अज्ञात लोगों ने मारपीट किया। परिचय देने के बावजूद भी लोग उनको मारते-पीटते रहे. इस दौरान अज्ञात लोगों ने इंस्पेक्टर की गाड़ी की चाभी भी निकालकर भाग गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वहीं, पीड़ति ऑटोचालक को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराकर पुलिस इलाज करवा रही है। दोनों ही पक्षों की तरफ से प्राप्त तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आपको बता दें कि बड़ागांव थाने के हरहुआ तिराहे के पास थाना इंचार्ज की कार की टक्कर बगल से जा रही एक ऑटो से हो गई थी।

### मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का बड़ा रोल, युवा सोच से ही देश की तरक्की संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का बहुत बड़ा रोल है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 116वीं कड़ी में कहा कि 11-12 जनवरी को दिल्ली में'विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा और यह पहल उन युवाओं को राजनीति से जोड़ने के प्रयासों का हिस्सा है, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवाओं के विचारों को आगे बढ़ाने और ठोस खाका बनाने की रूपरेखा तैयार होगी। उन्होंने आह्वान किया कि आइए, हम सब मिलकर देश का निर्माण करें, देश को विकसित बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती बहुत ही विशेष तरीके से मनाई जाएगी। इस अवसर पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवाओं का महाकुंभ आयोजित होगा और इस पहल को विकसित भारत युवा नेता संवाद नाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें पूरे भारत से करोड़ों युवा भाग लेंगे।



#### युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए खास अभियान

मोदी ने कहा, लाल किले की प्राचीर से मैंने ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आग्रह किया था, जिनके परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं हो। ऐसे एक लाख युवाओं, नए युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलेंगे। विकसित भारत युवा नेता संवाद ऐसा ही एक प्रयास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश-विदेश से विशेषज्ञ, कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हस्तियां इसमें भाग लेंगी और वह स्वयं यथासंभव अधिक समय तक इसमें मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं को सीधे हमारे सामने विचार रखने का अवसर मिलेगा। देश यह उनके लिए बेहतरीन अवसर है, जो भारत का भविष्य बनाने वाले हैं, जो देश की भावी पीढ़ी हैं।

## फर्जी मतदान से नाराज मायावती का ऐलान, बसपा नहीं लड़ेगी अब कोई उपचुनाव

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी अब किसी भी उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों के नतीजों और मतदान प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मायावती ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी वोटिंग के जरिए परिणाम प्रभावित किए जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि जब तक चुनाव आयोग फर्जी मतदान रोकने के लिए सख्त कदम नहीं उठाएगा, तब तक बसपा कोई उपचुनाव नहीं लड़ेगी। मायावती ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि हाल के उपचुनावों में व्यापक स्तर पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा,'पहले बैलेट पेपर के जरिए फर्जी वोट डाले जाते थे, अब ईवीएम का दुरुपयोग हो रहा है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही चिंताजनक है।'



#### चुनाव प्रचार में कमजोरी

विश्लेषकों का कहना है कि बसपा ने इस बार चुनाव प्रचार में कोई खास आक्रामकता नहीं दिखाई। बड़े नेता प्रचार में सक्रिय नहीं थे, जिससे पार्टी के मतदाताओं में उत्साह की कमी दिखी। मायावती ने खुद सभी नौ सीटों पर अकेले लड़ने की घोषणा की थी, लेकिन कोई भी प्रत्याशी पहले या दूसरे स्थान पर नहीं रहा। मायावती ने स्पष्ट किया कि उनका यह फैसला सिर्फ उपचुनावों तक सीमित है। पार्टी विधानसभा और लोकसभा के मुख्य चुनाव में अपनी सक्रियता बनाए रखेगी।

# जीपीएस ने दिया धोखा, हादसे में 3 की मौत

अचानक खत्म हुआ पुल और नीचे गिर गई कार



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

जीपीएस सिस्टम के भरोसे मंजिल तक पहुंचने की कोशिश किसी की जिंदगी का आखिरी पल भी हो सकता है। उत्तर प्रदेश में एक कार हादसे का शिकार हो गई। जिससे शादी समारोह में जा रहे कार में सवार 3 दोस्तों की मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि हादसा जीपीएस सिस्टम के चलते हुआ. क्योंकि कार जीपीएस सिस्टम के सहारे ही जा रही थी। हादसे के संबंध में पुलिस ने बताया कि रविवार को एक कार के पुल से रामगंगा नदी में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस को संदेह है कि चालक जीपीएस सिस्टम के कारण असुरक्षित मार्ग पर चला गया। यह दुर्घटना खालपुर-दातागंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे हुई, जब पीड़ित बरेली से बदायूं जिले के दातागंज जा रहे थे। मामले में सर्किल ऑफिसर आशुतोष शिवम ने कहा कि इस साल की शुरुआत में बाढ़ के कारण पुल का अगला हिस्सा नदी में गिर गया था, लेकिन इस बदलाव को सिस्टम में अपडेट नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा कि ड्राइवर नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा था और उसे यह एहसास नहीं हुआ कि पुल असुरक्षित है, जिससे कार क्षतिग्रस्त हिस्से से नीचे गिर गई। शिवम ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल के रास्ते पर कोई सुरक्षा अवरोध या चेतावनी संकेत नहीं थे, जिसके कारण यह जानलेवा दुर्घटना हुई। सूचना मिलने पर फरीदपुर, बरेली और दातागंज थाने की पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं. जिसके बाद वाहन और शवों को नदी से निकाला गया।

#### ग्रामीणों ने देखा कार को गिरते

पुलिस ने बताया कि पुल से कार के नीचे गिरने की सूचना ग्रामीणों ने दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिजनों ने भी दावा किया है कि गाड़ी में सवार सभी लोग जीपीएस के भरोसे जा रहे थे। पुल पर जब गाड़ी जा रही थी तो अचानक से आधे रास्ते मे पुल ख़त्म हो गया। जिससे कार कई फीट नीचे नदी में गिर गई। मामले में परिवार के लोग विभागीय अधिकारियों को भी दोषी मान रहे हैं, क्योंकि पुल को अधूरा छोड़ दिया गया था और कोई बैरिकेड्स भी नहीं लगाया गया था।

#### 50 फीट ऊंचाई से गिरी कार

हादसा फरीदपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी पर फरीदपुर-बदायूं के दातागंज को जोड़ने वाले अधूरे पड़े पुल पर हुई। जानकारी के मुताबिक तीनों कार सवार मैनपुरी निवासी कौशल कुमार, फर्रुखाबाद के विवेक कुमार और अमित थे। कार दातागंज की ओर से आ रही थी। इसी दौरान कार अधूरे पुल पर चढ़ गई और फिर पुल खत्म होते ही नदी में गिर गई।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

नेतन्याहू बोले- न्याय के लिए हर कदम उठाएंगे


## यूएई में लापता इजराइली यहूदी धर्मगुरु का मिला शव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूएई में लापता इस्त्राइली यहूदी रब्बी धर्मगुरू का शव मिल गया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने इस बारे में बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात में लापता हुए एक इस्त्राइली-मोल्दोवा रब्बी का शव चार दिन बाद मिल गया है। वह गुरुवार को लापता हो गया था। बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के बयान में कहा गया है कि उसे यहूदी विरोधी आतंकवादी घटना में मार दिया गया था। इस्त्राइल उसकी मौत के लिए जिम्मेदार अपराधियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव तरीके से कार्रवाई करेगा। हालांकि यूएई की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं आई है। इजराइल के आरोपों पर अभी तक अमीराती सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया है। हालांकि संयुक्त अरब अमीरात की राज्य संचालित डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने कोगन के लापता होने की बात स्वीकार की थी, लेकिन यह नहीं कहा था कि उसके पास इस्त्राइल की नागरिकता भी थी। अमीरात के गृहविभाग ने इस बारे में आगे बताया कि कोगन के लापता होने के बाद उसके अधिकारियों ने उसकी खोज और जांच शुरू की थी।



## शब्द पहेली - 5701



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5700 का हल**



## सूडोकु नवताल 5714

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGA_SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5713 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 80 फीसदी सीटें जीतकर इतिहास रच दिया, तो भाजपा ने 132 सीटें जीतकर अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी अपने दम पर बहुमत से सिर्फ 13 सीटें कम है। सहयोगी शिवसेना की 57, एनसीपी (अजीत) की 41 व तीन छोटे सहयोगियों की चार सीटों के साथ महायुति ने 288 में से 234 सीटों पर बंपर जीत हासिल की है।

**इस पद के लिए विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के पास होने चाहिए 29 विधायक**

**विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के पास हैं 20 विधायक**

# पहली बार महाराष्ट्र विधानसभा में नहीं होगा कोई नेता विपक्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) को झटका लगा, वह सिर्फ 50 सीटों पर सिमट गया। महायुति सिर्फ जीता नहीं, बल्कि अगले-पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। जीत की दर (स्ट्राइक रेट) के मामले में भाजपा सबसे आगे रही। उसने 149 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 132 जीत गए। इस तरह उसका स्ट्राइक रेट 89.26 फीसदी रहा। वहीं, शिवसेना (शिंदे) के 81 में 57 उम्मीदवार जीते और जीत की दर 70.3 फीसदी रही। राकांपा (अजीत पवार) ने 59 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके 69.5 फीसदी यानी 41 उम्मीदवार जीते। जाहिर है, महाराष्ट्र की महाजीत में भाजपा के स्ट्राइक रेट ने सबसे अहम भूमिका निभाई। यदि भाजपा भी अपने सहयोगियों की तरह 69 या 70 फीसदी सीटें जीतती, तो महायुति की करीब 30 सीटें कम हो जाती और पार्टी अपना मुख्यमंत्री बनाने से चूक जाती।




### नेता प्रतिपक्ष पद के लायक विधायक भी नहीं...

एमवीए की हालत इतनी खराब है कि इसके घटक दलों में से कोई भी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा नहीं कर सकता। नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के पास कम से कम 29 विधायक होना चाहिए। इस बार विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के पास सिर्फ 20 विधायक हैं। वहीं, कांग्रेस- 16, एनसीपी (शरद)- 10व सपा+अन्य के पास 4 सीटें हैं।

### राज ठाकरे ने बचा ली लाज वरना 10 सीटों पर सिमट जाती उद्धव सेना

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी की करारी हार हुई है। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के लिए विधानसभा चुनाव के नतीजे बड़ा झटका हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी को महाराष्ट्र में केवल 20 सीटों पर जीत मिली। अगर नतीजे का विश्लेषण करें तो अप्रत्यक्ष रूप से राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने उद्धव ठाकरे की पार्टी को 10 सीटों पर फायदा पहुंचाया और जीत मिल गई। 10 सीटों में 8 सीटें मुंबई और 2 सीटें अन्य जगहों की हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो उद्धव की पार्टी को केवल 10 सीटों पर ही सिमट जाती। राज्य की माहिम, वर्ली, विक्रोली, जोगेश्वरी ईस्ट, दिंडोशी, वर्सोवा, कलीना, वांद्रे ईस्ट, वानी और गुहागर विधानसभा सीट पर शिवसेना उद्धव ठाकरे की जीत हुई है। हालांकि इन सीटों पर एमएनएस का वोट शेयर शिवसेना यूबीटी के जीत के अंतर से अधिक है। ऐसे में एमएनएस ने यहां पर महायुति गठबंधन को नुकसान पहुंचाया और इससे शिवसेना यूबीटी को फायदा हुआ।



### राउत ने हार के लिए चंद्रचूड़ को ठहराया जिम्मेदार



शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने महाविकास आघाड़ी की हार के पीछे पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को जिम्मेदार ठहराया है। चंद्रचूड़ पर बड़ा आरोप लगाते हुए संजय राउत ने कहा, "जो नतीजे आए, उसके लिए जिम्मेदार केवल पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ हैं। उन्होंने समय पर अपना निर्णय नहीं दिया। 40 लोगों ने बेईमानी की थी। जिस पार्टी से चुनकर आए थे, वह जाकर दूसरी पार्टी की सत्ता में चले गए। आपकी जिम्मेदारी है संविधान की रक्षा करना। आपने अगर निर्णय दिया होता तो आगे कोई हिम्मत नहीं करता। आप खिड़की दरवाजे खुले रखकर वहां से रिटायर हो गए। इतिहास चंद्रचूड़ साहब को कभी माफ नहीं करेगा।'

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र : दिलजीत के कंसर्ट के लिए शराब परमिट रद्द



**पुणे।** महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने पुणे के कोथरुड इलाके में अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के संगीत कंसर्ट में शराब परोसने का परमिट रविवार को रद्द कर दिया। कोथरुड के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने रविवार शाम होने वाले कंसर्ट में शराब परोसने की योजना पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद विभाग ने परमिट रद्द करने का फैसला लिया।

### जम्मू में रोहिंग्याओं को शरण, पांच मुकदमे दर्ज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि बिना किसी दस्तावेज और संभावित सुरक्षा खतरा पैदा करने वाले रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण देने के मामले में स्थानीय मकान मालिकों के खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को रोहिंग्या शरणार्थियों की अवैध घुसपैठ को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक 'महत्वपूर्ण कदम' करार दिया।

### चुनाव में 'इंडिया' के प्रदर्शन की होगी समीक्षा : तेजस्वी



**दतिया (मप्र)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के पीछे के कारणों की समीक्षा करेगा। महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी में शामिल कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा (एसपी) क्रमशः 16, 20 और 10 सीटें ही जीत पाईं, जबकि सत्तारूढ़ 'महायुति' में शामिल भाजपा को 132, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना को 57 और अजित पवार नीत राकांपा को 41 सीटें मिलीं।

**संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा आज से, विपक्ष घेरेगा सत्तापक्ष को**

# अदाणी पर हंगामे के आसार, 19 बैठकें वक्फ समेत 16 विधेयक हैं लिस्ट में

## रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक, सरकार ने की सुचारू संचालन की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा कराने की विपक्षी दलों की मांग के बीच सरकार ने रविवार को कहा कि दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियां शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए मामलों पर निर्णय करेंगी। सरकार ने दलों से संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने की अपील की। सोमवार को शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने सभी दलों से संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने की अपील की है। अदाणी मुद्दे को उठाने की विपक्ष की मांग पर एक सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि सदनों की संबंधित कार्य मंत्रणा समितियां लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की सहमति से संसद में चर्चा किए जाने वाले मामलों पर निर्णय लेंगी। बैठक में कांग्रेस सदस्यों ने अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों के साथ-साथ मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया।



### सबसे पहले अदाणी मुद्दे पर हो बात

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि सोमवार को संसद की बैठक में सबसे पहले अदाणी का मुद्दा उठाया जाए। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि कंपनी ने अपनी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने को लेकर नेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। अमेरिकी अभियोजकों ने अरबपति गौतम अदाणी पर अनुकूल सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने की योजना का हिस्सा होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तर भारत में गंभीर वायु प्रदूषण, 'नियंत्रण से बाहर' हो गई मणिपुर की स्थिति और रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों पर भी चर्चा चाहती है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि पार्टी अदाणी के साथ-साथ मणिपुर में जातीय संघर्ष पर भी चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन जातीय हिंसा के बावजूद सरकार को मणिपुर के मुख्यमंत्री पर भरोसा है। विपक्षी दल ने उत्तर भारत में बढ़ते प्रदूषण और रेल दुर्घटनाओं के मुद्दे पर भी चर्चा की मांग की।

### वक्फ पर निशाने पर भाजपा

*संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है और 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के लिए वक्फ संशोधन विधेयक समेत 16 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। लंबित विधेयकों में वक्फ (संशोधन) विधेयक भी शामिल है जिसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति द्वारा लोकसभा में अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। समिति के विपक्षी सदस्य समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समयसीमा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि समिति के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल समिति की बैठकों में बाधा डाल रहे हैं और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हस्तक्षेप करने की मांग की है। रीजीजू ने कहा कि संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है।*

# भारत ने खारिज किया 300 अरब डॉलर का जलवायु वित्त समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी29) के दौरान विकासशील देशों की मदद के लिए बनाए गए 300 अरब डॉलर के क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज को खारिज कर दिया। भारत ने इस रकम को विकासशील देशों की जरूरतों के मुकाबले काफी कम बताया। भारतीय डेलिगेशन की तरफ से चांदनी रैना ने कहा, 'हम इससे काफी निराश हैं, ये साफ तौर दिखाता है कि विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के इच्छुक नहीं है। हमें यह कहते हुए खेद है कि यह दस्तावेज महज नजरों का धोखा है।' रविवार को सीओपी 29 में विकासशील देशों को 2035 तक हर साल 300 बिलियन डॉलर देने पर सहमति बनी है। इसका मकसद विकासशील देशों को फॉसिल फ्यूल में कमी करने करने के लिए बढ़ावा देना, क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए तैयार करना और इससे होने वाले नुकसान को दूर करने में मदद करना है।

- **भारत ने इस रकम को विकासशील देशों की जरूरतों के मुकाबले काफी कम बताया**

### यह दस्तावेज महज नजरों का धोखा


रैना ने बैठक के समापन सत्र में कहा कि हमारी राय में, यह पैकेज हम सभी के सामने आने वाली बड़ी चुनौती से नहीं निपट पाएगा। हम इसे अपनाने का विरोध करते हैं। 300 अरब डॉलर का पैकेज विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा- विकासशील देश जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन उन पर ही दबाव बनाया जा रहा है कि वो अपना डेवलपमेंट धीमा करके कम कार्बन उत्सर्जन करें। विकासशील देशों को विकसित देशों द्वारा बनाए गए एकतरफा कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म से भी जूझना पड़ रहा है।

**यूक्रेनी सेना को कुर्स्क में बड़ा झटका**

# रूस ने वापस छीना कब्जे वाला 40 फीसदी इलाका

एजेंसी ▶▶| कीव/ मॉस्को

रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसी यूक्रेन की सेना को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेन ने कुर्स्क इलाके में कब्जा किए गया 40% से अधिक क्षेत्र खो लिया है। एक वरिष्ठ यूक्रेनी सैन्य सूत्र ने ये जानकारी दी है। यूक्रेनी सेना अगस्त महीने में एक आश्चर्यजनक अभियान में रूस के अंदर घुस गई थी और इसने कुर्स्क के एक बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था। रूस ने इस क्षेत्र को वापस पाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है और क्षेत्र में 59000 सैनिकों को तैनात किया है। यूक्रेनी स्रोत ने खुलासा किया कि उनकी सेना ने अगस्त में अभियान शुरू करने के बाद कुर्स्क में 1376 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, लेकिन उनके पास लगभग 800 वर्ग किलोमीटर का ही क्षेत्र कब्जे में रह गया है। स्रोत ने कहा, दुश्मन अपने जवाबी हमले को बनाए रखेगा। साथ ही यह भी कहा कि जब तक सैन्य रूप से उचित है, यूक्रेन अपनी स्थिति को बनाए रखेगा।



### यूक्रेन के हमले से हिल गया था रूस

कुर्स्क में यूक्रेन का अभियान द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी विदेशी सेना का रूस के अंदर पहला हमला था और इसने मॉस्को को हैरान कर दिया था। कुर्स्क में आगे बढ़ने के साथ यूक्रेन को उम्मीद थी कि वह इससे उत्तर पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों को रोकने, रूस को पूर्व में आगे बढ़ रहे सैन्य बलों को वापस खींचने पर मजबूर करने और भविष्य में किसी भी शांति वार्ता में इसका फायदा उठाना था, लेकिन रूसी सेना अभी भी यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है।

# अहम सबूत... एक्टर दर्शन की तस्वीरें आई सामने

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु के चर्चित रेणुकास्वामी मर्डर केस में पुलिस ने 1300 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। बेंगलुरु पुलिस के एसीपी चंदन कुमार ने 57वीं सीसीएच कोर्ट में इस चार्जशीट को दाखिल किया है। इसके साथ ही पुलिस जांच में क्राइम सीन पर कन्नड़ फिल्म एक्टर दर्शन सहित कई लोगों की तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि इस मामले में अहम सबूत साबित हो रही हैं। इन तस्वीरों को एक गवाह के मोबाइल फोन से प्राप्त किया गया है। इन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि एक्टर दर्शन इस वारदात में शामिल आरोपियों के साथ पोज दे रहे हैं। इनमें आरोपी नंबर छह जनादीश के साथ चार तस्वीरें, आरोपी नंबर 7 अनुकुमार के साथ दो तस्वीरें और आरोपी नंबर 8 रवि के साथ दो तस्वीरें शामिल हैं। ये सभी तस्वीरें मौका-ए-वारदात की हैं, जहां सभी आरोपियों ने मिलकर रेणुकास्वामी की हत्या की थी।

**रेणुकास्वामी मर्डर केस**
1300 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल



### चार्जशीट में कई खुलासे

बेंगलुरु पुलिस ने इससे पहले 13 सौ पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें कई बड़े खुलासे किए गए थे। इसमें बताया गया था कि कन्नड एक्टर दर्शन और उनके साथियों ने रेणुकास्वामी के साथ बहुत बर्बरता की थी। चार्जशीट के पेज 174 और 175 पर लिखा है कि दर्शन ने रेणुकास्वामी के प्राइवेट पार्ट पर बहुत तेज लात मारी थी। इतना ही ही नहीं रेणुकास्वामी के सिर और छाती पर भी जोरदार हमला किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक, रेणुकास्वामी को बेंगलुरु के पट्टनगेरे के एक शेड में रखा गया था।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

# पाकिस्तान में भड़का सुन्नी शिया संघर्ष... तीन दिन में 82 की मौत, 156 घायल



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में सुन्नी और शिया समुदाय के बीच बीते तीन दिनों से भीषण सांप्रदायिक संघर्ष चल रहा है। दोनों पक्षों की ओर से हो रही गोलीबारी, पथराव और आगजनी में अब तक 82 लोगों की मौत हो चुकी है और 156 से अधिक घायल हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले के एक स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि मृतकों में 16 सुन्नी, जबकि 66 शिया समुदाय के हैं। पाकिस्तान एक सुन्नी-बहुल देश है, लेकिन अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित कुर्रम जिले में शियाओं की बड़ी आबादी है। इन दोनों समुदायों के बीच दशकों से संघर्ष चलता आ रहा है। हिंसा की ताजा घटना गुरुवार को शुरू हुई जब पुलिस सुरक्षा के तहत यात्रा कर रहे शिया मुसलमानों के दो अलग-अलग काफिलों पर घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें कम से कम 43 लोग मारे गए और दो दिनों तक गोलीबारी हुई।

### पिछले महीने भी हुई थी हिंसा

पिछले महीने कुर्रम में एक सांप्रदायिक झड़प में तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम 16 लोग मारे गए थे। जुलाई और सितंबर में हुई पिछली झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग के मुताबिक इस साल जुलाई से अक्टूबर के बीच कुर्रम में सांप्रदायिक झड़पों में 79 लोग मारे गए।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# किसानों को दिल्ली में आने से रोकने के बजाय केंद्र सरकार मुद्दे हल करे : मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि चार विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के नतीजे राज्य सरकार की जनहितैषी और विकासोन्मुख नीतियों के पक्ष में जनता का स्पष्ट जनादेश हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को देश की राजधानी दिल्ली में प्रवेश से रोकने के बजाय केंद्र सरकार को उनसे बातचीत कर उनके लंबित मुद्दे हल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान देश के नागरिक हैं और उन्हें राजधानी में आने का पूरा अधिकार है। पंजाब भवन में आम जनता के लिए डायनिंग हॉल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन सीटों पर 'आप' की जीत ने राज्य और उसके लोगों की सेवा के प्रति उनकी विनम्रता और समर्पण को और बढ़ा दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब भवन के ए-ब्लॉक में नया डायनिंग हॉल राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को यहां के स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने का अवसर प्रदान करेगा।

## विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी करने वाले 7 और गिरफ्तार

**इंफाल।** घाटी में विधायकों के आवासों पर हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल होने के आरोप में 7 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अब तक 41 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मणिपुर की इंफाल घाटी में 16 नवंबर को विधायकों के आवासों पर हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल होने के आरोप में 7 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि 16 नवंबर को प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों को लूटने में शामिल संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी के जरिए संदिग्धों की पहचान की गई।

महाराष्ट्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच 75 सीटों पर हुआ था आमने-सामने की लड़ाई

# सीधी भिड़ंत में केवल 10 सीटें जीत सकी कांग्रेस, 7 सीटों पर रहा तीसरा, चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के वॉर रूम में महाराष्ट्र चुनाव के जिन आंकडों मीमांसा के लिए जमा किया गया वो बेहद चौकाने वाला है। कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र की जिन 75 सीटों पर भाजपा से सीधे भिडी उनमें से केवल 10 सीटें ही जीतने में सफल हो पायी। इतना ही नहीं 7 सीटें तो ऐसी रहीं जिन पर कांग्रेस पार्टी तीसरे और चौथे स्थान पर खिसक गई। भिवंडी पश्चिम की सीट पर कांग्रेसी प्रत्याशी चौथे स्थान पर रहा जब कि तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी का नाम रहा।

कांग्रेस पार्टी के कुल 101 प्रत्याशी मैदान में थे जब कि भाजपा ने 149 प्रत्याशियों को उतारा था। कांग्रेस से जिन 75 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों की भिड़ंत हुई उनमें से भाजपा ने 65 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। ये वो आंकडे हैं जिनसे गठबंधन की गांठें ढीली होंगी। खुलेंगी। सवाल अब इंडिया गठबंधन के भीतर से उठना शुरू होगा कि जब भाजपा से सीधी लडाई में कांग्रेस पार्टी का खस्ताहाल हो रहा है तो उन्हें गठबंधन में 'बडा भाई' क्यों माना जाए? केवल राष्ट्रीय पार्टी है कांग्रेस इसीलिए कांग्रेस के पीछे चलने के बजाय कांग्रेस को अब गठबंधन दल पीछे धकेलना शुरू करेंगे।

### कांग्रेस का शर्मनाक प्रदर्शन

महाराष्ट्र की अचलपुर, औरंगाबाद पूर्वी, चंदवाड, नालासोपारा, सोलापुर सिटी सेंट्रल, वसई और भिवंडी पश्चिम ऐसी सीटें रहीं जिन पर कांग्रेस पार्टी तीसरे नंबर पर या शर्मनाक तरीके से चौथे नंबर पर रही। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ रणनीतिकार ने माना कि हरियाणा और महाराष्ट्र की जीती हुई बाजी हारने के बाद साथी दलों के साथ गठबंधन में कांग्रेस की हालत 'पतली' हो गई है।

### कांग्रेस से क्षेत्रीय दल को नहीं हो रहा फायदा

*कमजोर होती कांग्रेस की वजह से गठबंधन दलों के बीच से ये आवाज उठनी शुरू होगी कि कांग्रेस पार्टी की वजह से किसी क्षेत्रीय दल को कोई फायदा नहीं हो रहा बल्कि कांग्रेस पार्टी को क्षेत्रीय दल के साथ चुनाव में जाने पर फायदा हो रहा है। उदाहरण झारखंड का दिया जा सकता है। झामुमो ने झारखंड में भाजपा के सामने दमदारी से चुनाव लडा। झामुमो का अनकहा नेतृत्व था तो भाजपा के वरिष्ठ नेता निशिकांत दुबे की गोड्डा संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा में से पांच पर इंडिया गठबंधन की जीत हुई। निशिकांत दुबे चौथी बार के लोकसभा सांसद हैं। महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस पार्टी को महज 12 फीसदी वोट मिले जब कि भाजपा को दोगुने से भी ज्यादा 27 फीसदी वोट तब मिले जब दूसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा साथी दलों के साथ मैदान में थे तब थी जब सरकार के खिलाफ माहौल से स्वयं भाजपा नेता भी इनकार नहीं कर रहे थे।*

नेतन्याहू की गिरफ्तारी पर बंटे पश्चिमी देश

# ट्रंप के करीबी ने दी ट्रूडो को खुली धमकी, कहा-हम आपकी अर्थव्यवस्था तबाह कर देंगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ जारी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट पर पश्चिमी देश बंटते दिख रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में बयान दिया कि अगर नेतन्याहू उनके देश आते हैं तो वह गिरफ्तारी वारंट का पालन करेंगे। मतलब यह हुआ कि कनाडा जाने पर नेतन्याहू को गिरफ्तार किया जा सकता है। अब जस्टिन ट्रूडो को डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी सांसद लिंडसे ग्राहम ने खुली धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा ने ऐसा किया तो वह कनाडा की पूरी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देंगे। ग्राहम ने न केवल कनाडा बल्कि ब्रिटेन, फ्रांस समेत कई पश्चिमी देशों को खुली धमकी दी है। ग्राहम ने प्रतिबंध लगाने की बात भी कही है।

### ब्रिटेन को भी धमकाया

सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि अमेरिका को उन सभी देशों की अर्थव्यवस्था को तबाह कर देना चाहिए, जो अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के गिरफ्तारी वारंट का पालन करते हैं। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो और यूके के प्रधानमंत्री केर स्टार्मर को चेतावनी दी है। कहा कि अगर ब्रिटेन ने बेंजामिन नेतन्याहू की गिरफ्तार में मदद की तो उसे गंभीर आर्थिक परिणाम भुगतने होंगे।

### जर्मनी-फ्रांस भी निशाने पर

ग्राहम ने कहा कि अगर कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस ने आईसीसी की मदद करने की कोशिश की तो हम प्रतिबंध लगाएंगे। आपको दुष्ट आईसीसी बनाम अमेरिका को चुनना होगा। जल्द से जल्द एक कानून पारित कराने की दिशा में मैं टॉम कॉटन के साथ काम कर रहा हूं। इस कानून से उस देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है जो इजराइल के किसी भी राजनेता की गिरफ्तारी में सहायता करता है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

हमारा आशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

Appointment
आवश्यकता

सेल्स/मैनेजर

आवश्यकता है- ग्रीव्स आटोमोबाइल थ्रीव्हीलर EV- टीम लीडर- 04, सेल्स एग्जीक्यूटिव- ( M/F), 20, सेल्स मैनेजर 01, जनरल मैनेजर 01, रिसेप्शनिस्ट (फीमेल) , 02, मैकेनिक 08। इंटरव्यू 27.11.2024, 11 से 4, सेंट्रल कॉलेज के सामने फाफाडीह रायपुर 9109104223, 7047935994. (RO-6420)

चौकीदार

आवश्यकता है- बहानाकाडी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता हैं, जो फैक्ट्री में रहकर कार्य कर सके मों.- 99772-88880.(RO-6423)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- पंडरी सूट, साड़ी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेंन, सेल्सगर्ल, लेडीज टेलर व इंस्टाग्राम मैनेज करने व फोटो शूट करने के लिए गुड लुकिंग फीमेल मॉडल की आवश्यकता है 9300636186, 8109205462. (RO-6421)

मैनेजर

Required - For Raipur Manager cum Warehouse Incharge for multinational tyre company having computer knowledge Send Your CV Email÷ indorecnf24@gmail.com (RO-6422)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- रायपुर जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय/ चपरासी की आवश्यकता है स्वयं का वाहन अनिवार्य 25 वर्ष तक के कम पढ़े लिखे आस-पास के लड़के संपर्क करें। 8839812454. (RO-1237)

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर , 8109135400. (RO-287)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार (लड़की/लड़का) की आवश्यकता है। रीच कार्गो मूवर्स पम्प, उरैदबरी, राजनांदगांव। संपर्क करें- 8109411676.(RO-6962)

ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर, तेलीबांधा के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 13000/- से 14000/- महीना 11 घंटे ड्यूटी इच्छुक संपर्क करें- 9754160228. (RO-1238)

आवश्यकता है- फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 7828656506. (RO-1798)

सेल्स/मार्केटिंग

आवश्यकता है- वाशिंग पाउडर कंपनी शिव शक्ति एंटरप्राइज में सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें - 9691293785. (आरो न.- 1833)

हरिभूमि

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- टेली कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला की आवश्यकता है, 2-3 वर्ष अनुभवी उम्र 27 से ऊपर, संपर्क:- एस. आर चैन इंडस्ट्रीज अरिहंत कॉम्प्लेक्स स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास रायपुर Mob. 9827128665, 6291641261.(RO-3117)

टीचर

आवश्यकता है- लेडी रिसेप्शनिष्ट, इंचार्ज, कम्प्यूटर आपरेटर, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम- साइंस, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, इंगलिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, की आवश्यकता। साक्षात्कार 27.11.2024 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.(RO-6961)

आवश्यकता

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी, संपर्क करेः-रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A,रायपुर 7089933233. (RO-277)

हरिभूमि

आवश्यकता है- N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

सेल्समैन/हेल्पर्स

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी रायपुर) मे बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6424)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आव्यशकता है संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.(RO-24)

टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- सोलर कंपनी हेतु टेलीकॉलर, टेक्नीशियन, इंजीनियर (सोलर कंपनी के जानकार संपर्क करें) स्वयं का वाहन होना अनिवार्य वेतन योग्यताअनुसार,रहने की सुविधा 7544040795, 9122285796.(RO-1013)

फील्ड कार्य

आवश्यकता है- ब्लू डार्ट कोरियर कंपनी को डिलीवरी कर हेतु 15 लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन 12000 + पेट्रोल एवं अन्य भत्त, बाइक एवं मोबाइल फोन धारी 10वीं पास संपर्क करें- ओम एंटरप्राइजेज, जब्बल टावर, सिविल लाइन, रायपुर 8770078441, 9826124088. (RO-maa)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबरः- 7746000016, 7747000019, 7747000016. (RO-3114)

टेलीकॉलिंग

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता दसवीं बारहवीं अन्य सैलरी 5000 + कमीशन + बोनस से कमाए 10000 से 12000 पता दुर्ग भिलाई 72258-43808 (RO-Bhilai)

अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834 (RO-3051)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-814)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000- 45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 7903284986.(RO-557)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 6267324667.(RO-1334)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Astrology
ज्योतिष

ज्योतिष - फ्री सेवा महाकाली उपासक गुरु बाबा एस के स्वामी (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार, वशीकरण लवमरीज ,ग्रह कलेश, पतिपत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा ,कारोबार 3 घंटे में घर बैठ गारंटीड समाधान पाये 8854858543. (RO-6419)

Business
व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

Finance
फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(RO-3068)

Property
प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - दुर्ग गंजपारा के समीप नयापारा मुख्यमार्ग में प्राईमलोकेशन पर आवासीय प्लॉट व दुर्ग अंजोरा में अपोलो कॉलेज के समीप पूर्णविकसीत आवासीय प्लाट, नगपुरा से कोटनी मुख्यमार्ग में फॉर्महाउस उपयुक्त प्लाट बेचना है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : 96172-85000, 96174-45000. (आरो न.-628)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

For Rent
किराया

किराये से देना है- मकान किराये से देना है 1 BHK सेकेण्ड फ्लोर में किराया 5000/- महीना पुरानी बस्ती थाना के पीछे नव दुर्गा चौक रायपुर संपर्क करेंः- Mob. 9826416557. (RO-3116)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

Colour 20% Extra Charge For Disply

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




Healthcare


सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग, हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

रोग जटिल एवं बड़ा है अतः धीरज एवं विश्वास रखे चिंता न करे क्योकि आप के रोग एवं समस्या का समाधान केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं इसमे रोग को स्थाई रूप से जड़-मूल से नाश किया जा सकता है ।अन्य उपाय से रोग दब जाते है जड़ से नहीं जाते ।
● सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग (शरीर में तांबे रंग के छिलके पपड़ीयुक्त दाग, सिर में रुसी का भ्रम नाखूनों का सड़ना, घुटने में दर्द इत्यादि।
● एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर जैन्टीलियस एवं हर्पिस सिम्पलेक्स) स्त्री पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन दर्द योनी मार्ग से बदबू सफेद पीला पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी. हो सकता है एवं हेपाटाइटिस सिफलिस गौनोरिया (मूत्र मार्ग से पस) जाते हो तो तुरंत खुन की जांच कराये यहा जांच की पूर्ण व्यवस्था है ।
● समस्त यौन रोग एवं यौन (सैक्स) कमजोरी नपुंसकता, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन पेशाब मार्ग से धातु जलन प्रोस्टेट विकार यूरेथ्रास्ट्रेक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
इस तरह हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग में वर्षों से प्रगतिशील एवं अग्रसर है। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गये हो तो अवश्य ही मिलें।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223,
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, । 9303242200, 9303948500, 0788-4011332 समय शाम 3.30-7.30 बजे तक अपाईंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



# लौट रही है एसीपी प्रद्युमन की 'सीआईडी' टीम...

**मुंबई।** सीआईडी छोटे पर्दे पर एक उन मशहूर शो में से एक रहा है, जिसे देखना दर्शक काफी पसंद करते हैं। एसीपी प्रद्युमन की टीम ने करीब 2 दशक तक टीवी पर ऑडियंस का भरपूर मनोरंजन भी किया है। अब 6 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से सीआईडी सीजन 2 के जरिए टीवी जगत में वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हाल ही में शो के लेटेस्ट प्रोमो वीडियो सामने आए हैं, जिनसे फैंस की एक्साइटमेंट लेवल हाई हो चुकी है। इस बीच सीआईडी 2 की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। आइए जानते हैं कि आप कब से इस स्पाई थ्रिलर शो को टीवी पर दोबारा से देख सकते हैं।

## लाइफ Style



# सामंथा

## पूर्व प्रेमी पर खर्चे बेकार में पैसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल: हनी बनी की सफलता का आनंद ले रही हैं। शो में उनके और वरुण धवन की जोड़ी को फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया है। इस शो के अलावा अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान की वजह से भी काफी चर्चा बटोर रही हैं।

दरअसल हाल में ही अमेजन प्राइम वीडियो ने फैंस के साथ वरुण और सामंथा के बीच हुई मजेदार बातचीत का वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता ने उनसे पूछा कि उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे किस बेकार चीज पर खर्चे हैं। इसका अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, पूर्व प्रेमी को दिए उपहारों पर। प्राइम वीडियो द्वारा साझा की गई बातचीत के दौरान, वरुण ने सामंथा से मजाकिया अंदाज में पूछा, आपने क्या किसी बेकार चीज पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च किए हैं? सामंथा ने बिना कोई पल गंवाए चुटकी लेते हुए कहा, मेरे पूर्व प्रेमी के महंगे उपहार। इस पर वरूण थोड़े हैरान नजर आए। उन्होंने आगे पूछा, वो अमाउंट कितना है? इस पर सामंथा ने शांत भाव से जवाब दिया, काफी। अभिनेत्री का यह जवाब काफी ज्यादा वायरल हो रहा है। जाहिर है कि सामंथा और नागा चैतन्या के तलाक की खबरों ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। ऐसे में अभिनेत्री के इस स्पष्ट जवाब के बाद से सोशल मीडिया पर लोगों ने भी कई तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, नागा चैतन्य के साथ अपने पिछले रिश्ते के बारे में अभिनेत्री ने हमेशा से एक गरिमापूर्ण चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन उनके इस बयान के बाद कई फैंस नागा चैतन्या की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ-1 के सेट पर गिर पड़े

**लॉस एंजिलिस।** वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की फिल्म 'एफ 1' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। ब्रैड पिट अभिनीत इस फिल्म का लुत्फ आप 25 जून, 2025 को उठा सकेंगे। वहीं, यूएस और कनाडा में यह 27 जून, 2025 को दस्तक देगी। वहीं, हालिया रिपोर्ट की मानें तो मुख्य अभिनेता सेट पर बेहोश होकर गिर गए, जिसके तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ गया। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य अभिनेता ब्रैड पिट को एक दुर्घटना सीन को फिल्माने के दौरान ग्रिड पर बेहोश होकर फर्श पर गिरते हुए देखा गया था।




# मलिक ने कॉन्सर्ट के दौरान दिया लियाम को ट्रिब्यूट...

**लॉस एंजिलिस।** गायक जेन मलिक अपने 'स्टेयरवे टू द स्काई' टूर पर हैं। इसी बीच उन्होंने अपने पहले कॉन्सर्ट के दौरान पूर्व 'वन डायरेक्शन' बैंडमेट लियाम पायने को ट्रिब्यूट दिया। 16 अक्टूबर को 31 साल की उम्र में पायने की असामयिक निधन ने उनके प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया। इस सप्ताह की शुरुआत में लियाम के अंतिम संस्कार के बाद मलिक ने 23 नवंबर को पहली बार परफॉर्म किया। गायक ने पहले कॉन्सर्ट में गाने गाए इसके बाद उन्हें आखिरी में लियाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते और भावुक होते देखा गया। पूर्व 'वन डायरेक्शन' गायक ने लियाम को याद करते हुए प्रोजेक्टर की मदद से मंच पर एक संदेश प्रसारित किया। लियाम के नाम और उनकी जन्म तिथि और निधन के विवरण के साथ 'लव यू भाई' लिखा हुआ था। इस जेस्चर ने 'वन डायरेक्शन' के प्रशंसकों को भावुक कर दिया है।



# पटौदी पैलेस को करती हैं मिस...

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पूर्व पत्नी अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान भी अपने पैरेंट्स की तरह ही बॉलीवुड में अभिनय कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान अपने पुराने दिनों को याद किया। वह बताती हैं कि जब उनके मम्मी-पापा का तलाक नहीं हुआ था, तब वह पूरे परिवार के साथ छुट्टियां मनाती थी और खूब एंज्वॉय करती थी। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि अब उनकी मां का व्यवहार पहले की तुलना में अधिक अच्छा हो गया है। वह इस बात से काफी खुश हैं। हालिया दिए गए इंटरव्यू में सारा कहती हैं, 'मुझे मेरे भाई और मां को लंदन बहुत पसंद है। पापा को भी लंदन अच्छा लगता है। इसके अलावा सारा अली ने यह भी बताया कि वह अपने पिता के पैतृक घर पटौदी पैलेस को भी काफी मिस करती है।





# 20 साल पहले कैसे शूट हुआ भीगे होंठ तेरे

**मुंबई।** निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता महेश भट्ट की मर्डर एक कल्ट मूवी के तौर पर जानी जाती हैं। इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत स्टारर इस फिल्म की कहानी के साथ-साथ गाने भी दर्शकों को काफी पसंद आए थे। मर्डर के भीगे होंठ गाने ने उस वक्त इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी थी, क्योंकि इमरान और मल्लिका की इंटीमेट केमिस्ट्री ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब 20 साल के लंबे समय के बाद मल्लिका शेरावत ने इस गाने की शूटिंग को लेकर इनसाइड स्टोरी पर खुलकर बात की है और बताया है कि ये गीत कैसे और कहां शूट हुआ। मल्लिका और इमरान की इस गाने को मशहूर गीतकार कुणाल गांजावाला ने अपनी जादुई आवाज में गाया था। गीत के बोल से ज्यादा इसमें दिखाए गए इंटीमेट सीन्स को लेकर खूब चर्चा हुई थी।

## टीवी मसाला

# सलमान खान ने दिए डेयरिंग टास्क

**मुंबई।** इन दिनों कलर्स चैनल पर आने वाला रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' खूब धूम मचा रहा है। सलमान खान के होस्टिंग के निराले अंदाज और प्रतियोगियों के गेम में बने रहने की कोशिशों को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि वीकएंड का वार एपिसोड का भी फैंस को इंतजार रहता है। कुछ देर पहले ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पर पेज पर बिग बॉस वीकएंड के वार की कुछ झलकियां दिखाई गईं। इसमें सलमान खान कुछ अलग तरह के टास्क वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों को देते हुए नजर आए। इन्हें प्रतियोगियों ने भी बखूबी करके दिखाया। सलमान खान ने वीकएंड के वार एपिसोड की झलकियों में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों को कहा कि उनके सामने एक व्हील रखा है, जिस पर कुछ टास्क लिखे हैं। जो भी वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी हैं, उन्हें उसे घूमाना है, जो भी टास्क आएगा, उन्हें बिग बॉस के पुरुष प्रतियोगियों के साथ पूरा करना है। ऐसे में सबसे पहले यामिनी मल्होत्रा ने व्हील को घूमाया और उनको किसी को इंप्रेस करने का टास्क मिला। ऐसे में यामिनी ने अविनाश को चुना और उन्हें अपनी बातों से इंप्रेस किया। यामिनी ने अविनाश की खूब तारीफ की और आखिर में उन्हें एक फूल दिया।



## गोविंदा से मिलने पहुंचीं शिल्पा

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा हाल में ही अस्पताल में भर्ती हुए थे, क्योंकि उन्होंने गलती से खुद को पैर में गोली मार ली थी। इसके बाद उनसे मिलने उनके परिवार और कई दोस्त आए थे। हाल में मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा के आगामी एपिसोड का प्रोमो जारी किया गया है, जिसमें गोविंदा, शक्ति कपूर और चंकी पांडे नजर आने वाले हैं। इसमें गोविंदा ने शिल्पा शेट्टी से जुड़ा एक मजेदार वाकया साझा किया है, जब वो अभिनेता से मिलने अस्पताल पहुंची थीं। कपिल शर्मा के शो पर गोविंदा ने इसका जिक्र करते हुए कहा, "कपिल, जब शिल्पा मुझसे मिलने आईं, तो उन्होंने सबसे पहले पूछा, 'चीची, तुम्हें चोट कैसे लगी? सुनीता कहां थीं?'।" गोविंदा ने उन्हें बताया कि सुनीता मंदिर में थीं। शिल्पा ने मजाक में कहा, तो गोली किसने मारी? इस बात से कपिल से लेकर अर्चना पूरन सिंह तक सभी को हंसने पर मजबूर हो गए।



# डेट पर पहुंचे विजय-रश्मिका




**मुंबई।** साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एंटरटेनमेंट की दुनिया के चर्चित नाम हैं। कपल को एक रेस्टोरेंट में साथ लंच करते देखा गया। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दोनों को साथ देखकर प्रशंसकों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। दोनों के नाम को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। दोनों को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने अपने रिश्ते को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। अब दोनों को फिर से साथ में समय बिताते देखा गया। दोनों एक कैफे में साथ में समय बिताते नजर आए। कपल को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। रश्मिका मंदाना इस दौरान अपने कैजुएल स्टाइल में ही पहुंचीं। उन्होंने नीले रंग का क्रॉप टॉप डैनिम जींस के साथ पहना था। वहीं, विजय भी नीली जैकेट में नजर आ रहे हैं। विजय ने इसके साथ ही कैप भी पहनी हुई है।

# 'कल्कि 2' की 30 से 35% शूटिंग पहले ही हो चुकी है पूरी...

*मुंबई। प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण अभिनीत डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की अगली कड़ी जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। साथ ही इसमें दीपिका पादुकोण के किरदार पर बड़ा अपडेट साझा किया है। इतना ही नहीं उन्होंने फिल्म में अभिनेत्री के किरदार की एक झलक भी दिखाई है। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग में भाग लेते हुए, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त ने रेड कार्पेट पर पत्रकारों से बात करते हुए 'कल्कि 2' पर अपडेट दिया। कथित तौर पर 'कल्कि 2' पहली फिल्म होगी जिसकी शूटिंग दीपिका अपने मैटरनिटी ब्रेक के बाद करेंगी। अभिनेत्री ने इस साल की शुरुआत में बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने यह भी बताया था कि 'कल्कि' के पहले भाग की शूटिंग के दौरान वह गर्भवती थीं। नाग अश्विन की फिल्म में भी उन्होंने एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाई थी। वहीं दूसरे पार्ट में दीपिका के रोल के बारे में बात करते हुए स्वप्ना ने कहा, 'वह अगली कड़ी के कुछ हिस्सों में मां की भूमिका में ही दिखाई देंगी।*



# 'एक नजर' से बॉलीवुड में किया डेब्यू, शत्रुघ्न सिन्हा की जगह मिला था रजा मुराद को वकील का किरदार

**नई दिल्ली।** अभिनेता रजा मुराद को उनके टीवी सीरियल और फिल्मों के कारण प्रशंसक जानते और पसंद करते हैं। रजा मुराद ने छोटे पर्दे के साथ ही बड़े पर्दे पर भी अपनी धाक जमाई। बात करें फिल्मों की तो रजा मुराद ने 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। रजा मुराद ने राजीव कपूर, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है। रजा मुराद को अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म में काम करके डेब्यू करने का मौका मिला। अमिताभ बच्चन के साथ पहली फिल्म में काम करने को लेकर रजा मुराद अक्सर बात करते हैं। इस फिल्म का निर्माण निर्माता निर्देशक बी आर इशारा ने की है। रजा मुराद ने एक नजर में वकील की भूमिका निभाई थी।



### इन फिल्मों में नजर आ चुके हैं रजा मुराद

रजा मुराद को उनके अभिनय के कारण प्रशंसक पसंद करते हैं। फिल्मी सफर के अलावा बात करें रजा मुराद की फिल्मों की तो 'एक नजर' के अलावा रजा मुराद 'बॉबी', 'प्रेम रोग', 'राम तेरी गंगा मैली', 'हिना', 'नमक हराम', 'राम लखन' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

### शत्रुघ्न सिन्हा का मिला किरदार

रजा मुराद को शत्रुघ्न सिन्हा की जगह फिल्म में किरदार मिला था। इसको लेकर रजा मुराद ने खुद बताया कि तब तक शत्रुघ्न सिन्हा इतने व्यस्त हो चुके थे कि उनकी डेट्स में दिक्कत हो रही थी। इसी कारण रजा  तो उनकी जहब बी आर इशारा ने मुझे बुलाया। इस फिल्म के लिए रजा मुराज ने पहली बार 28 जुलाई 1971 को मैंने पहला शॉट दिया था।

### छोटे पर्दे पर भी बनाया नाम

रजा मुराद को छोटे पर्दे पर भी कई धारावाहिकों में देखा जा चुका है। छोटे पर्दे पर भी उनकी भूमिकाओं को प्रशंसक पसंद करते हैं। वे 'मधुबाला', 'वीर शिवाजी', 'बाइबिल की कहनियां', 'रिश्तों की डोर', 'क्रांति' जैसे टीवी धारावाहिकों पर काम कर चुके हैं।

# रेखा की गोदी में बैठा ये लड़का बना चॉकलेटी हीरो

## शाहरुख से ज्यादा इस पर मरती थीं लड़कियां

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय की 'मोहब्बतें' फेम हीरो जुगल हंसराज तो आपको याद ही होंगे। जी हां, हम उसी एक्टर की बात कर रहे हैं, जिन्होंने अपनों नीली आंखों से लड़कियों को अपना दीवाना बना लिया था। जुगल हंसराज ज्यादा फिल्मों में नजर तो नहीं आए, लेकिन अपने चॉकलेटी बॉय इमेज से उन्होंने लड़कियों के दिलों में एक खास जगह जरूर बना ली। जुगल हंसराज के बचपन की एक फोटो इस समय सोशल मीडिया मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वे बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा की गोद में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर में जुगल हंसराज काफी छोटे और प्यारे लग रहे हैं। जुगल हंसराज ने बचपन से ही एक्टिंग शुरू कर दी थी। वे कई फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट देखे गए हैं। इन दिनों जुगल हंसराज फिल्मों से पूरी तरह गायब हैं और अमेरिका में अपने परिवार के साथ सेटल हैं। जुगल अपनी पत्नी जैस्मिन और बेटे के साथ अमेरिका में रहते हैं। साल 2014 में अपनी लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड जैस्मिन ढिल्लों से शादी करने के बाद जुगल हमेशा के लिए अमेरिका शिफ्ट हो गए थे। हालांकि अब जुगल फिल्मों में तो एक्टिव नहीं हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वे काफी सक्रिय देखे जाते हैं। उनका लुक भी अब पहले की तुलना में काफी बदल गया है। एक समय ऐसा भी था जब जुगल पर शाहरुख खान से भी ज्यादा लड़कियां फिदा थीं। जुगल हंसराज ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। उन्हें मासूम और कर्मा जैसी फिल्मों में देखा जा चुका है। पापा कहते हैं, मोहब्बतें, सलाम नमस्ते और आजा नचले जुगल हंसराज की कुछ पॉपुलर फिल्में हैं।



## खबर संक्षेप

### विदेशी बाजारों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में पाम, पामोलीन तेल के दाम में आई भारी गिरावट के बीच देश के खाद्य तेल में बीते सप्ताह बाकी खाद्य तेल के दाम प्रभावित हुए सभी तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,235-1,240 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में घटकर 1,155-1,160 डॉलर प्रति टन रह गया।

### पूंजीकरण में एचडीएफसी बैंक, टीसीएस रहा शीर्ष पर




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 1,55,603.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,536.8 अंक या 1.98 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### जेएंडके बैंक ने 'वर्चुअल एटीएम' सुविधा शुरू की




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बैंक ने वर्चुअल एटीएम सुविधा (वीएटीएम) शुरू की। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, जेएंडके बैंक ने पेमार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मंच वीएटीएम पेश किया है।

### डिवाइन पावर एनर्जी करेगी विमलेश का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** बिजली के तार बनाने वाली डिवाइन पावर एनर्जी लिमिटेड (डीपीईएल) ने कहा कि उसने विमलेश इंडस्ट्रीज के साथ 70 करोड़ रुपये में कंपनी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। डीपीईएल ने कहा कि इस अधिग्रहण से कंपनी को, घरेलू विद्युत उद्योग में अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### महिंद्रा लाइफस्पेस करेगी चेन्नई औद्योगिक पार्क में निवेश




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी और जापान सुमितोमो कॉरपोरेशन तमिलनाडु में अपनी मौजूदा औद्योगिक पार्क परियोजना के विस्तार के लिए करीब 225 करोड़ रुपये निवेश करेंगी। औद्योगिक पार्क, वर्तमान में 307 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है।

### वेदांता के अलग होने की प्रक्रिया आगे बढ़ी




**नई दिल्ली।** प्रमुख खनन कंपनी, वेदांता लिमिटेड ने कहा कि एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने कंपनी को प्रस्तावित विभाजन पर चर्चा के लिए अगले 90 दिनों में अपने सुरक्षित और असुरक्षित कर्जदाताओं और शेयरधारकों की बैठक बुलाने की अनुमति दी है। प्रस्तावित विभाजन से एल्युमीनियम, तेल और गैस, बिजली, इस्पात एवं लौह सामग्री, और मूल धातु व्यवसायों वाली स्वतंत्र कंपनियां बनेंगी। मौजूदा जस्ता और नए व्यवसाय वेदांता लिमिटेड के पास रहेंगे।

# मस्क ने बयान से फैलाई सनसनी, बोले- अमेरिका दिवालिया होने की कगार पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अमेरिकी नागरिक पर एक लाख डॉलर से ज्यादा कर्ज का बोझ

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और ताकतवर देश अमेरिका दिवालिया होने की राह पर है। ये कहना है कि टेस्ला प्रमुख और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क का जिन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये लिखा है। अमेरिका पर भारी भरकम कर्ज को लेकर इन दिनों चर्चा तेज हो चुकी है तो उसके लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर के पार जा पहुंचा है और महज चार महीने में एक ट्रिलियन डॉलर कर्ज बढ़ गया है और हर अमेरिकी नागरिक पर एक लाख डॉलर से ज्यादा कर्ज का बोझ हो गया है।

## अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

### 500 बिलियन डॉलर खर्च कम करने का प्लान

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफीसिएंसी के नाम से जो विभाग बनाया गया है उसके जरिए अमेरिका में 500 बिलियन डॉलर के खर्चों को कम करने का प्लान तैयार किया गया है। डीओजीई की कमान एलन मस्क और विवेक रामास्वामी को सौंपी गई है। ये दोनों अमेरिका में कई विभागों में खर्चा कम करेंगे। इसके तहत जिन विभागों और मंत्रालयों के खर्चों में कटौती की जाएगी उनमें मुख्य रूप से हेल्थकेयर, बच्चों के लिए दी जाने वाली ग्रांट और नासा के लिए बजट कम करने की बात कही गई है।



### सरकार को 6.16 ट्रिलियन डॉलर खर्च करने पड़े

डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफीसिएंसी के मुताबिक सरकार को 2023 में जो 4.47 ट्रिलियन डॉलर रेवेन्यू मिली वो इनकम टैक्स, पेरोल टैक्स, कॉरपोरेट इनकम टैक्स जिसमें कस्टम ड्यूटी, सेल्स एंड एक्साइज टैक्स और दूसरे सोर्स के जरिए रेवेन्यू प्राप्त हुआ है। जबकि सरकार को जो 6.16 ट्रिलियन डॉलर खर्च करने पड़े हैं उसमें सोशल सिक्योरिटी यानि सामाजिक सुरक्षा, नेशनल डिफेंस एंड वेटरंस, मेडिकेयर, इंडीविजुल्स को मदद, कर्ज पर ब्याज का भुगतान, राज्यों को ट्रांसफर और दूसरी चीजों पर खर्च करना पड़ा है।

### 2.31 ट्रिलियन डॉलर का घाटा

शनिवार को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफीसिएंसी जिसका गठन अमेरिकी राष्ट्रपति-इलेक्ट डोनाल्ड ट्रंप ने किया है उसने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक डेटा पोस्ट करते हुए बताया कि, वित्त वर्ष 2023 में अमेरिकी सरकार को टैक्स और दूसरे रेवेन्यू के तौर पर 4.47 ट्रिलियन डॉलर मिले जबकि सरकार ने 6.16 ट्रिलियन डॉलर खर्च किया है। यानि वित्त वर्ष 2023 में सरकार को 2.31 ट्रिलियन डॉलर के घाटे का सरकार को सामना करना पड़ा है।

*बजट को बैलेंस करने की जरूरत : डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफीसिएंसी ने बताया कि साल 2001 में पिछली बार बजट सरप्लस देखने को मिला था और इस ट्रेंड को बदलने की जरूरत है और हमें अपने बजट को बैलेंस करने की जरूरत है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफीसिएंसी के इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए एलन मस्क ने लिखा, अमेरिका तेजी के साथ दिवालिया होने की कगार पर आगे बढ़ रहा है।*

## महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों ने बाजार में सकारात्मक धारणा बनाई

# अगले महीने 10 कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में, 20,000 करोड़ रुपए जुटाएंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राथमिक बाजार में अभी उत्साह बना हुआ है और अगले महीने कम-से-कम 10 कंपनियों आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी कर रही हैं।

मर्चेंट बैंकर का कहना है कि अगले महीने यानी दिसंबर में सुपरमार्ट विशाल मेगा मार्ट और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड सहित 10 कंपनियां सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी में हैं।

### साई लाइफ साइंसेज भी लाएगी आईपीओ

मर्चेंट बैंकर ने कहा कि इनमें शिक्षा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज, अस्पताल श्रृंखला परिचालक पारस हेल्थकेयर और निवेश बैंक डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स भी शामिल हैं। इन कंपनियों का लक्ष्य अपने सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 20,000 करोड़ रुपये जुटाने का है।




- विशाल मेगा मार्ट व इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल का आएगा निर्गम
- कंपनियां सार्वजनिक निर्गम के जरिए 20 हजार करोड़ जुटाएगी
- अधिकांश निर्गम एनबीएफसी और हेल्थ आधारित है

*दिसंबर में 30 से अधिक आईपीओ आएगे : यह पूरे 2023 में इस मार्ग के जरिये 57 कंपनियों द्वारा जुटाई गई 49,436 करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। आगे की ओर रुख किया जाए, तो आने वाले महीनों में 30 से अधिक आईपीओ आने की उम्मीद है।*

### नए शेयरों का निर्गम व ओएफएस शामिल

ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयरों का निर्गम और बिक्री पेशकश (ओएफएस) दोनों शामिल हैं। ऑनलाइन ब्रोकरेज हाउस ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने बताया कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों ने बाजार में सकारात्मक धारणा पैदा की है। इससेआईपीओ गतिविधियों में तेजी आएगी।

### अवांसे फाइनेंशियल 3500 करोड़ जुटाएगी

आईपीओ दस्तावेजों से पता चलता है कि इस शुरुआती शेयर बिक्री में 1,250 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और ब्लैकस्टोन की अनुषंगी कंपनी बीसीपी एशिया दो टॉपको पीटीई लिमिटेड द्वारा 2,750 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल है। अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज का लक्ष्य आईपीओ से 3,500 करोड़ रुपये जुटाने का का है। इसमें 1,000 करोड़ रुपये तक नए शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे। साथ ही इसमें 2,500 करोड़ रुपये तक का ओएफएस शामिल है।

### विशाल मेगा निर्गम से 8000 करोड़ जुटाएगा

अद्यतन आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, विशाल मेगा मार्ट सार्वजनिक निर्गम से 8,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह पूरी तरह प्रवर्तक समायत सर्विसेज एलएलपी की ओर से बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट आईपीओ के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद कर रही है।

*यह वर्ष आईपीओ के लिए मजबूत रहा बैंकर ने कहा कि 2024 आईपीओ के लिए एक मजबूत साल रहा है। हालांकि, हाल शेयर बाजार ने कुछ संघर्ष किया है। उन्होंने कहा, "फिलहाल चुनाव से संबंधित कोष बाजार में वापस आ रहा है और ग्रे मार्केट फिर स सक्रिय हो रहा है।*

# मोबाइल उद्योग की मांग, सरकार हवाई माल ढुलाई क्षमता बढ़ाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- निकाय आईसीईए का कहना, निर्यात आठ गुना बढ़ने की उम्मीद
- वर्ष 2030 तक उपकरण निर्यात 180 अरब डॉलर पहुंचना संभव

मोबाइल फोन कंपनियां चाहती हैं कि भारतीय हवाई अड्डे अपनी मौजूदा माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाएं। उद्योग निकाय आईसीईए का कहना है कि स्मार्टफोन उद्योग को 2030 तक उपकरण निर्यात आठ गुना होकर 180 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिन्द्रू ने बताया कि सीमा शुल्क विभाग में लगने वाला समय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए एक बड़ी बाधा है, जिससे ढुलाई की प्रक्रिया में और देरी होती है।

मोहिन्द्रू ने कहा, /"चीन में, जहां कार्गो टर्मिनल से निर्यात के लिए माल पहले दिन ही निकल जाता है, जबकि भारत में इसमें दो दिन लगते हैं। निर्यात की मात्रा को देखा जाए तो 2023 में भारत (29 अरब डॉलर) की तुलना में चीन का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 30 गुना (959 अरब डॉलर) से ज्यादा था। इलेक्ट्रॉनिक्स पहले ही हवाई माल में भारत का सबसे बड़ा निर्यात है, जबकि इंजीनियरिंग और पेट्रोल के बाद यह समग्र रूप से तीसरे स्थान पर है। मोहिन्द्रू ने कहा, निर्यात में अपेक्षित वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान हवाई अड्डों का बुनियादी ढांचा पहले ही चरम पर पहुंच चुका है, क्योंकि वे अपनी क्षमता के 80-100 प्रतिशत पर काम कर रहे हैं, जिसके लिए मौजूदा हवाई अड्डों के विस्तार और नए हवाई अड्डों के विकास की आवश्यकता है।

### एप्पल व सैमसंग भारत से निर्यात करने वाली कंपनियां

मोहिंदू ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित कुछ हवाई अड्डों और तमिलनाडु और महाराष्ट्र में नए हवाई अड्डों के विकास से निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है। एप्पल और सैमसंग भारत से मोबाइल फोन निर्यात करने वाली दो शीर्ष कंपनियां हैं। एप्पल के अधिकांश आईफोन तमिलनाडु में बनाए जाते हैं, जबकि सैमसंग की नोएडा में दुनिया की सबसे बड़ी स्मार्टफोन फैक्टरी है।

# विधानसभा चुनावों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगा शेयर बाजार

- वैश्विक रुख व एफआईआई से भी मिलेगी दिशा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी बाजार सोमवार को प्रतिक्रिया देगा।

बीते सप्ताह शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में कई सप्ताह की गिरावट के बाद जोरदार उछाल देखने को मिला। उस दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने पांच माह में अपना एक दिन का सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,961.32 अंक या 2.54 प्रतिशत बढ़कर 79,117.11 अंक पर पहुंच गया।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 557.35 अंक या 2.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,907.25 अंक के स्तर पर रहा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, घरेलू मोर्चे पर महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासकर महाराष्ट्र जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकतरफा जीत दर्ज की है।

## कोचीन शिपयार्ड ने किया एसएलईटी के साथ करार



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने भारतीय बाजार के लिए 'जैक-अप रिग' के डिजाइन तथा महत्वपूर्ण उपकरणों के लिए सीट्रियम लेटर्न्यू यूएसए (एसएलईटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि जहाज विनिर्माण में सीएसएल के अनुभव और एसएलईटी की तकनीकी विशेषज्ञता तथा डिजाइन क्षमताओं के आधार पर इस साझेदारी का मकसद भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई 'मोबाइल ऑफशोर ड्रिलिंग' इकाइयों का लाभ उठाना है। इसमें कहा गया कि यह सहयोग 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।

# पतंजलि की आमदनी पिछले वित्त वर्ष में 23 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आय पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 9335 करोड़ रुपए
- इस आय में पतंजलि फूड्स की बिक्री भी शामिल

बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद की कुल आमदनी पिछले वित्त वर्ष में 23.15 प्रतिशत बढ़कर 9,335.32 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी रजिस्ट्रार को दी सूचना में कहा कि इसमें पतंजलि फूड्स (पूर्व में रुचि सोया) की बिक्री पेशकश (ओएफएस) और समूह की अन्य इकाइयों से आय शामिल है। कारोबार सूचना मंच टॉफलर द्वारा जुटाई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में पतंजलि आयुर्वेद की अन्य आय 2,875.29 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 46.18 करोड़ रुपये थी। परिचालन से इसकी आय (मुख्य रूप से शुद्ध बिक्री से आय) पिछले वित्त वर्ष के लिए 14.25 प्रतिशत घटकर 6,460.03 करोड़ रुपये रही।

पतंजलि आयुर्वेद द्वारा एक जुलाई, 2022 को अपने खाद्य कारोबार को पतंजलि फूड्स को हस्तांतरित करने से राजस्व प्रभावित हुआ। पतंजलि के खाद्य कारोबार में बिस्कुट, घी, अनाज और न्यूट्रास्युटिकल्स शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में इसका कुल लाभ पांच गुना होकर 2,901.10 करोड़ रुपये हो गया।

### कुल मुनाफा 578 करोड़ रुपए

पतंजलि आयुर्वेद की आमदनी वित्त वर्ष 2022-23 में 7,533.88 करोड़ रुपये और कुल मुनाफा 578.44 करोड़ रुपये रहा। गैर-सूचीबद्ध इकाई पतंजलि आयुर्वेद की कुल आय (अन्य आय समेत) वित्त वर्ष 2022-23 में 7,580.06 करोड़ रुपये थी।

# रिलायंस के रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- खुदरा कारोबार को लेकर अनिश्चितता बरकरार : रिपोर्ट
- रिलायंस का शेयर उच्चतम स्तर से 22 फीसदी नीचे आया

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के हाल में खराब प्रदर्शन के दो कारणों में से एक- कमजोर रिफाइनिंग मार्जिन-में सुधार आया है। ब्रोकरेज कंपनी जेपी मॉर्गन ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि दूसरे कारण - खुदरा कारोबार की कमजोर आय वृद्धि - के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल है।

रिलायंस का शेयर आठ जुलाई के अपने उच्चतम स्तर से 22 प्रतिशत नीचे (निफ्टी 3.3 प्रतिशत नीचे) है। ऐसे बाजार में जहां ज्यादातर शेयर ऐतिहासिक मूल्यांकन से काफी ऊपर कारोबार कर रहे हैं, रिलायंस का शेयर काफी किफायती लग रहा है। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी के तीन मुख्य कारोबार हैं - तेल शोधन और पेट्रोरसायन, खुदरा और दूरसंचार। इसमें खुदरा कारोबार और दूरसंचार कारोबार की कुल आय में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में लगभग सभी ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व की शुद्ध कमाई (एबिटा) में वृद्धि इन दोनों कारोबार से ही आएगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि जून से रिफाइनिंग मार्जिन में तेजी से गिरावट आई है, और समूह की खुदरा उपभोक्ता कंपनी (रिलायंस रिटेल) की आय वृद्धि निराशाजनक रही है।

जेपी मॉर्गन के अनुसार, रिफाइनिंग मार्जिन में हाल ही में उछाल आया है। हालांकि, त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) के प्रभावों को देखते हुए खुदरा कारोबार को लेकर चिंता बनी हुई है।

### रिलायंस की सौर क्षमता मार्च तक चालू होने की उम्मीद

जेपी मॉर्गन ने कहा कि रिलायंस जिन शुरुआती सौर (मॉड्यूल / सेल) क्षमताओं पर काम कर रही है, उनमें से कुछ के मार्च तक चालू होने की उम्मीद है। ब्रोकरेज कंपनी ने रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल को सूचीबद्ध करने के बारे में कहा कि हाल ही में बाजार की कमजोरी और इन निर्गमों के संभावित बड़े आकार के कारण, इसमें समय लग सकता है।

# हीरो मोटोकॉर्प मध्यम आकार की ईवी बाइक विकसित कर रही

- कंपनी अपने भागीदार अमेरिकी कंपनी के साथ काम कर रही
- अमेरिकी कंपनी पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प अपनी अमेरिकी भागीदार जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ एक मध्यम आकार की प्रदर्शन खंड की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल विकसित करने के अग्रिम चरण में हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया की कंपनी जीरो मोटरसाइकिल्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है। सितंबर, 2022 में हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने कंपनी में छह करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023 में कंपनियों ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक के विकास के लिए सहयोग की घोषणा की थी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, "जहां तक ईवी मोटरसाइकिल की बात है... हम जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ साझेदारी में इसका विकास कर रहे हैं... यह (बाइक) मध्यम वजन खंड में आएगी।

*कंपनी 230 शहरों में विडा की बिक्री कर रही कंपनी देशभर में 230 से ज्यादा शहरों और कस्बों में विडा श्रृंखला की बिक्री करती है। इनमें 400 से ज्यादा बिक्री टचपॉइंट हैं। हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि उसके इलेक्ट्रिक उत्पाद वित्त वर्ष 2025-26 तक उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अनुपालन के तहत आ जाएंगे।*

## पंजाब नेशनल बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा

# डीएलसी ने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- दरवाजे पर वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही सुविधा

पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जारी करने की केंद्र की पहल से बहुत बड़ा बदलाव आया है और इसने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। अधिकारी ने कहा कि बैंक ने पेंशनभोगियों के लिए अनुकूल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए इस महीने विशेष अभियान शुरू किया। इसके तहत पहले 20 दिन में 2.15 लाख डीएलसी के प्रसंस्करण का काम पूरा किया गया।

**नवंबर 2014 से की गई शुरूआत :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पेंशनभोगियों को अपनी सुविधानुसार जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा देने के लिए नवंबर, 2014 में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने की शुरुआत की।




### डोरस्टेप बैंकिंग भी 31 दिसंबर 2024 तक निशुल्क

वार्ष्णेय ने कहा, "पेंशनभोगियों के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए 'डोरस्टेप बैंकिंग' भी 31 दिसंबर, 2024 तक निःशुल्क है।"पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए सालाना जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है। परंपरागत रूप से, ये जीवन प्रमाण पत्र केवल भौतिक रूप में ही जमा किए जाते थे, जो पेंशनभोगियों के लिए असुविधाजनक था।

### पेंशनभोगी अपनी स्वतंत्रता बनाए रख सकते है

वार्ष्णेय ने कहा कि डीएलसी से बहुत बड़ा बदलाव हुआ है, क्योंकि यह प्रसंस्करण से संबंधित देरी को कम करने के अलावा उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव देता है। वार्ष्णेय ने बताया, इससे यह भी तय होता है कि पेंशनभोगी अपनी स्वतंत्रता बनाए रख सकें और लॉजिस्टिक सहायता के लिए दूसरों पर निर्भरता से बच सकें।

### पेंशन सत्यापन प्रक्रिया बदली

पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक संजय वार्ष्णेय ने कहा, "डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) की शुरुआत ने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया है। डीएलसी सेवा के जरिये पेंशनभोगियों के दरवाजे पर वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा दी जा रही है।"

### पीएनबी के सबसे अधिक पेंशनभोगी

इससे स्वास्थ्य चुनौतियों के बावजूद खुद से कार्यालय में उपस्थित होने के मनोवैज्ञानिक बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, शिमला, लुधियाना और जम्मू सहित अन्य स्थानों पर बड़े शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां बैंक के सबसे अधिक पेंशनभोगी हैं।

# लखनऊ ने दूसरा खिताब जीतने लगाया जोर, पंत और अर्शदीप पर बोली लगाकर मारी बाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ एंट्री की थी, लेकिन वह तीन सालों में खिताब जीतने में कामयाब नहीं रही। अब लखनऊ ने ऋषभ पंत और अर्शदीप सिंह पर बड़ी बोली लगाकर दूसरा खिताब जीतने की ओर कदम कढ़ा दिए हैं। एलएसजी ने शुरुआती दो एडिशन में दमदार प्रदर्शन किया और एलिमिनेटर मुकाबले तक पहुंची, लेकिन खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुई।

पिछले साल लखनऊ सुपरजायंट्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में वह सातवें स्थान पर ही। एलएसजी ने दो सीजन में दमदार प्रदर्शन करके फैंस के दिलों में अपनी जगह बना ली है। अब फ्रेंचाइजी को जरुरत है कि आगामी सीजन में खिताबी सूखा खत्म करके अपने फैंस को झूमने का मौका दे।



### पंत बने सबसे महंगे खिलाड़ी

लखनऊ सुपरजायंट्स ने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा खिलाड़ी बना दिया है। पंत की बोली 20.75 करोड़ रुपए पर रुक गई थी। मगर तभी दिल्ली कैपिटल्स को आरटीएम उपयोग करने का मौका मिला। लखनऊ सुपरजायंट्स ने बताया कि वो पंत के लिए 27 करोड़ रुपये देने को तैयार है। यह सुनकर दिल्ली कैपिटल्स ने अपने हाथ पीछे खींच लिए और इस तरह पंत ने चंद मिनटों में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ा और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।

### पांच खिलाड़ियों पर जताया था भरोसा

*आईपीएल 2025 नीलामी से पहले लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया था। फ्रेंचाइजी ने निकोलस पूरन, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान और आयुष बदोनी को रिटेन किया। फ्रेंचाइजी ने निकोलस पूरन (21 करोड़), मयंक यादव (11 करोड़), रवि बिश्नोई (11 करोड़), मोहसिन खान (4 करोड़) और आयुष बदोनी (4 करोड़) को इस कीमत पर रिटेन किया था।*

### दिल्ली कैपिटल्स की टीम

*निकोलस पूरन (21 करोड़), मयंक यादव (11 करोड़), रवि बिश्नोई (11 करोड़), मोहसिन खान (4 करोड़), आयुष बदोनी (4 करोड़), ऋषभ पंत (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके-27 करोड़), डेविड मिलर (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके-7.50 करोड़), एडेन मार्करम (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 2 करोड़), मिचेल मार्श (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 3.40 करोड़), आवेश खान (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 9.75 करोड़)।*

### 23.75 करोड़ में बिके वेंकटेश, नॉट्र्जे हुए मालामाल

कोलकाता नाइटराइडर्स उन फ्रेंचाइजी में से एक है, जो अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है। केकेआर ने अब तक तीन आईपीएल खिताब जीते हैं और एमआई व सीएसके के बाद सबसे ज्यादा खिताब इसी फ्रेंचाइजी ने जीते हैं।



आईपीएल 2025 में भी केकेआर धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम करना चाहेगी। केकेआर ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार खिताब अपने नाम किया था। आईपीएल 2025 नीलामी से पहले केकेआर ने रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल और हर्षित राणा को रिटेन किया था। रिंकू सिंह टीम के सबसे महंगे रिटेन खिलाड़ी बने, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने 13 करोड़ रुपए में बरकरार रखा।

### केकेआर का स्क्वाड

*रिंकू सिंह (13 करोड़), वरुण चक्रवर्ती (12 करोड़), सुनील नरेन (12 करोड़), आंद्रे रसेल (12 करोड़), रमनदीप सिंह (4 करोड़), हर्षित राणा (4 करोड़), वेंकटेश अय्यर - (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 23.75 करोड़), क्विटंन डी कॉक (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 3.60 करोड़), रहमानुल्लाह गुरबाज (बेस प्राइस - 2 करोड़, बिके- 2 करोड़), एनरिच नॉट्र्जे (बेस प्राइस- 2 करोड़, बिके- 6.50 करोड़)।*

### शमी ने 14 साल में किया 1 से 10 करोड़ तक का सफर

*विश्व कप 2023 में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने मेगा नीलामी का तोहफा दिया है। उन्हें 10 करोड़ रुपए में टीम के साथ जोड़ा है। आईपीएल करियर के 14 साल में एक करोड़ की बोली से शुरु किया सफर 2025 के लिए 10 करोड़ तक पहुंच गया है। रविवार को हुई नीलामी के बाद स्वजन भी गदगद हैं। 2011 में केकेआर ने आईपीएल के लिए उन्हें 1 करोड़ रुपए में खरीद कर टीम से जोड़ा था।*

## खबर संक्षेप



### कोहली को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं

**मुंबई।** पूर्व दिग्गज हरफनमौला कपिल देव ने रविवार को यहां कहा कि विराट कोहली को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है और भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान 'अद्वितीय' है। कोहली ने रविवार को पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपना 30वां टेस्ट शतक जड़ा। कपिल ने यहां विश्व समुद्र गोल्डन ईगल गोल्फ चैंपियनशिप के दौरान कहा, 'जिन लोगों को आलोचना करनी है वे आलोचना करेंगे। कोई बड़ा खिलाड़ी अगर वापसी करने में बहुत समय लेता है तो मीडिया ऐसा काम करती है। हमें उसकी क्षमता और प्रतिभा देखनी चाहिये। वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। उन्हें किसी को साबित करने की जरूरत नहीं है।'

### सुल्तानोव ने जीता कलबुर्गी ओपन

**कलबुर्गी।** उज्बेकिस्तान के शीर्ष वरीय खुमोयुन सुल्तानोव ने रविवार को यहां रूस के बोगडान बोबरोव को एकतरफा फाइनल में हराकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन खिताब जीत लिया।



सुल्तानोव ने पूरे एक घंटे तक चले फाइनल में बोबरोव को 6-2, 6-1 से मात दी। यह उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी का सत्र का पांचवां और भारत में दूसरा खिताब था। उन्होंने साल के शुरू में चंडीगढ़ में खिताब जीता था। सुल्तानोव को इस खिताब जीतने के लिए 3,600 डॉलर का चेक और 25 एटीपी रैंकिंग अंक मिले। बोबरोव को 2,120 डॉलर और 16 एटीपी अंक प्राप्त हुए।

### जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को हराकर किया उलटफेर

**बुलावायो।** आल राउंडर सिकंदर रजा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नए लुक वाली पाकिस्तानी टीम को डकवर्थ लुईस पद्धति से 80 रन से शिकस्त देकर उलटफेर किया। रजा ने 39 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 125 रन के स्कोर से 205 रन तक पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान की टीम 21 ओवर में छह विकेट पर 60 रन बनाकर मुश्किल में थी।

इसके बाद बारिश आ गई और मैच नहीं हो सका।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : भारतीय टीम जीत से सिर्फ सात विकेट दूर

# कोहली का रिकॉर्ड 30वां शतक, यशस्वी ने बनाए 161 रन, ऑस्ट्रेलिया को 534 का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य देने के बाद भारत ने मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 12 रन करके रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा। कोहली ने टेस्ट कॅरियर का 30वां शतक जमा दिया है। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन की पारी खेली। वे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन (29 शतक) से आगे निकल गए हैं। यशस्वी जायसवाल ने शानदार 161 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। कंगारु पहली पारी में 104 रन पर ढेर हो गए थे।

जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (एक विकेट) ने 4.2 ओवर में ऑस्ट्रेलिया को तीन झटके देकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। बुमराह ने पारी के पहले ही ओवर में नाथन मैकस्वीनी (00) को पगबाधा किया जिसके बाद



सिराज ने कप्तान पैट कमिंस (02) को स्लिप में कोहली के हाथों कैच कराया। बुमराह ने स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (03) को पगबाधा किया जो दिन की आखिरी गेंद साबित हुई। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया को अब जीत के लिए 522 रन जबकि भारत को सिर्फ सात विकेट की दरकार है।

### 500+ का रिकॉर्ड लक्ष्य

*ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड लक्ष्य मिला है। लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है जिसने मई 2003 में सेंट जोंस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट पर 418 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने दिसंबर 2008 में पर्थ के ही वाका मैदान पर चार विकेट पर 406 रन बनाकर जीत दर्ज की थी।*

### जायसवाल ने तेंदुलकर की तरह लगाया शतक

*32 साल पहले 17 साल के सचिन तेंदुलकर ने वाका की टूटती पिच पर अंतिम दो दिन बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़कर दुनिया का ध्यान खींचा था। इसके बाद तेंदुलकर ने क्रिकेट के मैदान पर जो किया वह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। और अब जायसवाल ने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। वह तेंदुलकर के बाद पर्थ में शतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं।*



### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो मार्श | 161 | 297 | 15 | 3 |
| लोकेश राहुल का कैरी बो स्टार्क | 77 | 176 | 5 | 0 |
| पडिक्कल का स्मिथ बो हेजलवुड | 25 | 71 | 2 | 0 |
| विराट कोहली नाबाद | 100 | 143 | 8 | 2 |
| ऋषभ पंत स्टं कैरी बो लियोन | 01 | 04 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा बो कमिंस | 01 | 06 | 0 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर बो लियोन | 29 | 94 | 0 | 1 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 38 | 27 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 55, कुल : 134.3 ओवर में 487/6 पारी घोषितगेंदबाजी : स्टार्क 26-2-111-1, हेजलवुड 21-9-28-1, कमिंस 25-5-86-1, मार्श 12-0-65-1, लियोन 39-5-96-2, लाबुशेन 6.3-0-38-0, हेड 5-0-26-0.

## टेनिस

# सिनर-बेरेटीनी जीते, डेविस कप फाइनल में पहुंचा इटली



एजेंसी ▶▶| मलागा

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और माटियो बेरेटीनी ने एकल मुकाबले जीते जिससे गत चैंपियन इटली ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

सिनर ने दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 6-4 से हराकर टूर स्तर पर लगातार 24वां एकल मुकाबला जीता। मिनोर के खिलाफ सिनर की नौ मैच में यह लगातार नौवीं जीत है। बेरेटीनी ने इससे पहले थनासी कोकिनाकिनस को 6-7, 6-3, 7-5 से हराकर इटली को विजयी शुरुआत दिलाई। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'अगर हम जीत दर्ज नहीं करते हैं तो भी फाइनल में दोबारा खेलना शानदार उपलब्धि है। हमने दिखा दिया है कि पिछले साल यह भाग्य की बात नहीं थी।' इटली की टीम रविवार को खिताबी मुकाबले में नीदरलैंड से भिड़ेगी जिसने पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। नीदरलैंड ने क्वार्टर फाइनल में स्पेन को हराने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में जर्मनी को शिकस्त दी थी।

## इंग्लिश प्रीमियर

# टोटेनहैम के खिलाफ 0-4 से हारा मैनचेस्टर सिटी



एजेंसी ▶▶| लंदन

चार बार के गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी को शनिवार को यहां टोटेनहैम के खिलाफ प्रीमियर लीग फुटबॉल मुकाबले में 0-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी जो सभी प्रतियोगिताओं में उसकी लगातार पांचवीं हार है। इस हार के बाद मैनचेस्टर सिटी की टीम शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल से पांच अंक पीछे है। सिटी के 23 जबकि लीवरपूल के 28 अंक हैं। लीवरपूल ने हालांकि एक मैच कम खेला है। टोटेनहैम की टीम 19 अंक के साथ छठे स्थान पर है।

टोटेनहैम की ओर से जेम्स मेडिसन (13वें और 20वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि पेड्रो पोरो (52वें मिनट) और ब्रेनेन जॉनसन (90 प्लस तीन मिनट) ने एक-एक गोल किया। तीसरे स्थान पर काबिज चेल्सी ने लीसेस्टर को 2-1 से हराया जबकि चौथे स्थान पर चल रहे आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राइटन ने बोर्नेमाउथ को 2-1 हराया।

### इंटर मिलान ने वेरोना को 5-0 से हराया

*रोम। मार्कस थुराम के दो गोल की मदद से गत चैंपियन इंटर मिलान ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में बढ़त बना ली। इंटर ने अंक तालिका के शीर्ष में नेपोली पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नेपोली को हालांकि रविवार को रोमा की मेजबानी करनी है और उसके बाद दोबारा शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। अटलांटा की टीम भी पार्मा को हराकर इंटर के बराबर अंक कर सकती है। एसी मिलान ने भी शनिवार को हुए मुकाबले में यूवेंटस से गोल रहित ड्रॉ खेला।*

### ग्रीव्स का शतक वेस्टइंडीज ने 450 रन पर घोषित की पारी

**नॉर्थ साउंड।** जस्टिन ग्रीव्स ने अपने तीसरे ही टेस्ट में पहला शतक जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को यहां पहली पारी नौ विकेट पर 450 रन बनाकर घोषित की। ग्रीव्स ने नाबाद 115 रन बनाए। इससे पहले टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 33 रन था और 43 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में उन्होंने सिर्फ एक शतक जड़ा था। वेस्टइंडीज की ओर से इससे पहले मिकाइल लुई (97) और एलिक अथानाजे (90) शतक जड़ने से चूक गए। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 87 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तास्किन अहमद और मेहदी हसन मिराज ने क्रमशः 76 और 99 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक सलामी बल्लेबाजों महमूदुल हसन जॉय (05) और जाकिर हसन (15) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 40 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शहादत हुसैन 10 जबकि मोमीनुल हक सात रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम अब भी 410 रन से पीछे है।

■ बांग्लादेश की टीम अब 410 रन से पीछे है




# विश्व चैंपियन बनने की जंग आज शुरू करेंगे गुकेश-लिरेन

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश पर उम्मीदों का बोझ कम है और वह सोमवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य विश्वनाथन आनंद के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाला पहला भारतीय बनना होगा।

अधिकांश शतरंज जगत गुकेश का समर्थन कर रहा है क्योंकि यह 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चैंपियन बनने वाला धैर्य दिखा चुका है। अब यह देखना होगा कि वह एक पखवाड़े तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान बड़े अवसर के दबाव से कैसे निपटते हैं। शनिवार दोपहर हुई पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को अगर संकेत माना जाए



तो दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं लेकिन साथ ही दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लिरेन ने 2023 में रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत के साथ विश्व चैंपियन का ताज पहना था लेकिन तब से चीन का खिलाड़ी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी ग्रस्त रह चुका है और पिछले एक साल में गुकेश की तुलना में बहुत कम प्रतिस्पर्धा की है। गुकेश ने शनिवार को कहा, 'मेरा काम बिल्कुल स्पष्ट है - हर बाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और अपनी स्थिति के अनुसार सर्वश्रेष्ठ चाल चलना। अगर मैं ऐसा करता हूं, अगर मैं अच्छा शतरंज खेलता रहता हूं और सही मूड में रहता हूं तो फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनका हालिया फॉर्म खराब है या फिर वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। अगर मैं सही चीजें करता हूं तो मुझे विश्वास है कि मेरे पास पूरा मौका होगा।'

# एक साल से लापता पंडो महिला का जंगल में मिला कंकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनगरा

सोनगरा जंगल के झांपी नाला के समीप खेत में पंडो महिला का कंकाल मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। पंडो महिला एक साल से लापता थी जबकि महिला के पिता भी पिछले छह माह से लापता है। पुलिस ने जो कंकाल बरामद किया है वह गुमशुदा पंडो महिला की होने की संभावना जताई जा रही है लेकिन महिला के पिता का अब तक पता नहीं चल पाया है। महिला की हत्या कर लाश को जंगल में ठिकाने लगाया गया था। इस मामले में पुलिस ने एक संदेही आरोपी को हिरासत में लिया है और मामले की जांच चल रही है। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस पूरी घटना के बारे में बोलने से बच रहे है। बता दें कि प्रतापपुर के खड़गवांकला के झींगा दोहर निवासी सीमा पंडो चंद्रिका राजवाड़े के साथ पत्नी के रूप में रहती थी। इस दौरान जनवरी माह में महिला रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी जिसके लापता सीमा की मैन इंद्रमणि पंडो ने घटना की शिकायत खड़गवां कला चौकी पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में गुमशुदगी का अपराध दर्ज किया था और उसके बाद लगातार लापता महिला की तलाश चल रही थी।

■ संदेही को लिया गया हिरासत में, पुलिस के पहरे के बीच निकाला गया कंकाल



## कब्र खोदकर निकाला गया कंकाल

संदेही के बयान के आधार पर रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में प्रतापपुर, खड़गवांकला, लटोरी चौकी की पुलिस मौके सोनगरा जंगल के झांपी नाला के समीप पहुंची। इस दौरान निशानदेही के आधार पर नायब तहसीलदार सरिता राजवाड़े की उपस्थिति में जेसीबी से गड्ढा खोदकर चार फ़ीट नीचे से कंकाल निकाला गया। पुलिस को घटना स्थल से खोपड़ी व कुछ हड्डियां मिली है। हालांकि यह हड्डियां लापता पंडो महिला की है इसकी भी पुष्टि होना फिलहाल मुश्किल है। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा डीएनए सैंपल का सहारा लिया जाता है। रविवार को कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी कर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था और किसी को भी घटनास्थल की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं इस पूरे मामले में प्रभारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक कुछ भी बोलने से फिलहाल बच रहे है।

# यूएस स्टूडेंट वीजा हासिल करने में तेलंगाना और आंध्र के राज्यों का दबदबा

**नई दिल्ली।** अमेरिका जाना अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के छात्रों के लिए आम बात होती जा रही है! अमेरिकी कॉन्सुलेट जनरल ने बताया है कि भारतीय छात्रों को जारी किए गए सभी स्टूडेंट वीजा में से 56 फीसद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के छात्रों को मिले हैं। इससे पता चलता है कि उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों के लिए इन दोनों राज्यों की अहमियत बढ़ती जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से जाने वाले ज्यादातर छात्र स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) विषयों में मास्टर डिग्री हासिल करना चाहते हैं।

## प्रतिभा और इनोवेशन के केंद्र के रूप में भारत की छवि हो रही मजबूत

अमेरिका में पहले से ही बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं जो नए छात्रों को शुरुआती परेशानियों से निपटने में मदद करते हैं। इससे छात्रों को एक सुरक्षित और सहयोगी माहौल मिलता है। हालांकि, विदेश में पढ़ाई करना इतना आसान भी नहीं होता। नए माहौल में घुलना-मिलना, आर्थिक पहलू से जूझना और वीजा प्रक्रिया जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के छात्रों का अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बढ़ता रुझान शिक्षा, महत्वाकांक्षा और अवसर के अनोखे मेल को दर्शाता है। ये छात्र न सिर्फ अपने लिए बेहतर भविष्य गढ़ रहे हैं, बल्कि दुनिया में भारत की प्रतिभा और इनोवेशन के केंद्र के रूप में छवि को भी मजबूत कर रहे हैं।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com